हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 11 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

दल ने 25 परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, नहीं मिले नकलची 10



धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर कार्यकर्ताओं ने बताई पीड़ा 10



[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

**खबर संक्षेप**

### कार से गांजा तस्करी तीन पुलिस गिरफ्त मे



**भिलाई।** कार से गांजा तस्करी करते तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।सीएसपी छावनी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेट्रो कार सीजी 04 बी 5903 में गांजा तस्करी कर उसे बेचने की फिराक में रायपुर से दुर्ग की ओर वाहन निकली है। थाना प्रभारी कुम्हारी निरीक्षक जेआर कुर्रे अपने वाहन में दबिश देने पहुंचे। जहां से नेशनल हाइव एनएच 53 रायपुर से दुर्ग रोड उरला तिराहा सिग्नल के पास उक्त कार को रोककर किनारे कराया गया। कार सवार तीन लोगों से पूछताछ किया गया। जिसमें संतोषी पारा कैम्प 1 निवासी जय मील्लु सोनकुसरे, प्लॉट 25, मॉडल टाउन वार्ड 2 राम प्रकाश सिंह उर्फ आर पी सिंह, गंजपारा दुर्ग भगवान दास मानिकपुरी उर्फ भगवान अपना नाम बताया है। जब कार को चेक किया गया तो डिक्की के भीतर से दो नग प्लास्टिक बोरी गांजा एक बोरी में 20 किलो ग्राम, दूसरा में 15 किलो 900 ग्राम जब्त किया। जो कुल 35 किलो 900 ग्राम गांजा है जिसकी कीमत 1.8 लाख रुपए अआंकी गई है। आरोपियों के पास से पुलिस ने तीन मोबाईल,नगदी 6 हजार 100 रूपये कार समेत 2.27 लाख 600 रूपये आंकी गई है। आरोपियों के पास से 1.6 लाख रुपए का गांजा व कार जब्त किया।

### कार्यकर्ताओं ने ईडी का किया जमकर विरोध, नेताओं ने दी प्रतिक्रिया

# दस घंटे की पड़ताल के बाद घर से बाहर निकलते ही भूपेश ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

*अलसुबह प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम की दबिश पदुमनगर भिलाई-3 स्थित पूर्व सीएम भूपेश बघेल के निवास पर हुई। शाम ढले पड़ताल की औपचारिकता के बाद ईडी की टीम रायपुर के लिए रवाना हुई। टीम के रवाना होने के समय कांग्रेस के कार्यकर्ता ईडी की गाड़ियों के सामने प्रदर्शन किया। टीम के जाने के बाद भूपेश बघेल का कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी से स्वागत किया। बघेल ने भी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।*

सीडी कांड में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल को आज ईडी का सामना करना पड़ा। चार गाड़ियों में प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम सोमवार की सुबह 6 बजे पदुमनगर भिलाई-3 स्थित भूपेश बघेल के निवास स्थान पर पहुंची। भूपेश बघेल ने शाम को ईडी की पड़ताल के बाद घर से बाहर निकलकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि सुबह जब उठकर चाय पी रहे थे। तब ईडी की टीम अचानक आ धमकी उन्होंने टीम के सदस्यों को चाय का आमंत्रण दिया।

भूपेश बघेल ने कहा कि तीन-चार सालों से इंतजार कर रहे थे। लेकिन आज स्वागत का मौका मिला है। ईडी की टीम से उन्होंने सर्च वारंट के विषय में पूछा। भूपेश बघेल ने बताया कि वे संयुक्त परिवार में रहते है। 140 एकड़ खेती की जमीन है। ईडी की टीम 33 लाख रुपए नगद बरामद कर ले गई है। घर में रखे जेवर को देखने के बाद टीम ने उसे वापस सौंप दिया। समय आने पर नगद मिली राशि का ब्यौरा भी ईडी को दे दिया जाएगा। भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में कार्यकर्ता घंटों इंतजार कर उन्हें अपना समर्थन देते रहे। इसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

### आज होगा प्रदेशभर में पुतला दहन, करेंगे विरोध प्रदर्शन



### यहां पहुंची ईडी की टीम

मिली जानकारी के मुताबिक पदुम नगर भिलाई तीन निवास पूर्व सीएम भूपेश बघेल, चौहान बिल्डर संचालक राम नगर अजय चौहान, बिल्डर नेहरु नगर निवासी मनोज राजपूत, चरोदा निवासी ट्रांसपोर्टर संदीप सिंह उर्फ लल्लू , स्टील कालोनी दुर्ग कांग्रेसी नेता मुकेश चंद्राकर, सहेली ज्वेलर्स संचालक बैगापारा दुर्ग सुनील जैन, वसुंधरा नगर भिलाई तीन अभिषेक ठाकुर उर्फ गब्बर सिंह, द्वारकापुरी बोरसी दुर्ग राजेंद्र साहू, होटल कैम्बियन के संचालक मालवीय नगर सुनील अग्रवाल, तालपुरी 103, 104 मिलर ओम साई अग्रवाल, खुर्सीपार लक्ष्मीनारायण बंसल, पप्पू बंसल के यहां टीम पहुंची थी।

### ईडी की कार्रवाई से डर क्यों रहे कांग्रेसी: पाध्ये

दुर्ग जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने



भूपेश बघेल समेत उनके सारे कुनबे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापे को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सार्थक पहल बताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार करने वालों और काला धन कमाने वालों के खिलाफ अब देश मे जीरो टॉलरेंस की नीति है। राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि जनता ने 2018 के विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाया तो जनता ने उम्मीद की थी कि वे पद की गरिमा के अनुकूल आचरण करेंगे लेकिन वो प्रदेश को लूटने में लग गए।

### हम नहीं डरने वाले



भाजपा नेताओं के यहां ईडी सीबीआई नहीं जाती ईडी की कार्रवाई से हम डरने वाले नहीं है। हमारा हौसला और मजबूत है। हम शांति प्रिय ढंग से अपने नेता के लिए एकत्रित हुए है। पूर्व सीएम जनता की आवाज है उन्हें दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। **-देवेंद्र यादव**, विधायक भिलाई नगर

### बदनाम करने की साजिश है



देश भर में भाजपा द्वारा विपक्ष के नेताओं को बदनाम करने की साजिश कर रही है। विपक्ष नेताओं का भाजपा मुकाबला नहीं कर पा रही है। इस तरह से लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। सीड़ी मामले में सीबीआई के कोर्ट ने पूर्व सीएम को बरी किया है। हताशा, निराशा में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी कड़ी निंदा करता हूं। **-निर्मल कोसरे**, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी

### विपक्ष को दबाने की कोशिश



विधानसभा सत्र में पूर्व सीएम भूपेश बघेल लगातार आक्रमक है। पंजाब प्रदेश का प्रभार मिलने के बाद कांग्रेस वहां मजबूत होने की स्थिति में आ रही है। इन सब राजनीतिक मसलों को भापकर भाजपा अपने राजनीतिक विरोधियों को दबाने ईडी और सीबीआई का सहारा लेती है। ईडी की दबिश विपक्ष को दबाने की कोशिश है। भाजपा इसमें सफल नहीं होगी। **-नीरज पाल**, मेयर भिलाई

## बीएसपी के यूआरएम का रिकार्ड 130 मीटर रेल का 8,498 टन उत्पादन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने एक बार फिर परिचालन दक्षता का प्रदर्शन करते हुए कई नए सर्वश्रेष्ठ मासिक और दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। फरवरी में उत्पादन के कई महत्वपूर्ण मानकों में पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए यूआरएम ने 130-मीटर रेल का 8,498 टन उत्पादन किया, जो अगस्त 2024 में बनाए गए 8,030 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया।




**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

**नगर निगम के बजट पर चर्चा**

## समय सीमा के भीतर काम न करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग



नगर निगम का बजट वर्ष 2025-26 पर चर्चा के लिए सोमवार को नगर निगम मुख्यालय महापौर अलका बाघमार द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल,सभापति श्याम शर्मा के मौजूदगी में जनप्रतिनिधयों सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली गई। इसमें नगर की सफाई और विकास कार्य सहित अन्य मुद्दों पर पार्षदो ने विचार व्यक्त किये। मेयर ने कहा जो ठेकेदार समय पर कार्य नही करेगें, उन्हें ब्लेक लिस्टेड किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय महापौर कक्ष में शाम को बैठक आहुति गई। इस बार के बजट में नगर की सफाई व्यवस्था और सड़क निर्माण, सहित शहर नागरिको के लिए अच्छा सा कोई सौगात हेतु कार्य, सड़क मरम्मत आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में पार्षद मनीष साहू, गोविंद्र देवांगन, निलेश अग्रवाल, शिवनायक सहित कार्यपालन अभियंता आरके जैन, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, सहायक अभियंता व बाजार अधिकारी संजय ठाकुर,राजेन्द्र ढाबाले, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सुरेश केवलानी, विनोद मांझी, करण यादव, पंकज साहू, प्रेरणा दुबे, सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में महापौर ने कहा गर्मी का मौसम आ गया है। वार्ड क्षेत्र के अंतर्गत शहर वासियों को पानी की समस्या से न सामना न करना पड़े। बचे हुए जगहों पर पाइप लाइन का विस्तार जल्द करवाये। साफ सफाई व्यवस्थाओं पर उन्होंने संबंधित अधिकारी से चर्चा की।

**छावनी चौक के पास ही है घटना**

## बोलेरो की ठोकर से अधेड़ की मौत

- पैदल सड़क से जा रहा था मृतक
- वाहन तीन बार पलटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

पैदल जा रहे अधेड़ को बोलेरो सवार नशेडी किस्म के युवकों ने वाहन चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में अधेड़ की मौत हो गई। घटना छावनी चौक के पास की है। बोलेरो में चार लोग सवार थे इसमें एक युवक उतई से लिफ्ट लेकर बैठा था। जो गंभीर रुप से घायल है। जामुल पुलिस ने बताया कि मृत व्यक्ति अधेड़ का शिनाख्त कैंप-2 निवासी संजय के रुप में हुई है। पुलिस को परिजनों ने बताया कि संजय पेशे ड्राइवर है और रोज छावनी चौक जाकर वहां से काम पर निकलता है। रोज की तरह सोमवार की सुबह 8 बजे अपने घर से निकला था। अभी वह करुणा अस्पताल के पास पहुंचा ही था कि पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अधेड़ को चपेट में लिया। ठोकर मारने के बाद बुलेरो में तीन बार हवा में पलटी खाते हुए सड़क पर जा गिरी। बोलेरो में सवार चार लोग थे। उनमें से तीन मौके से फरार हो गए जिसे चोट आई है वह पकड़ में आ गया है। हादसे के बाद मौके पर सड़ जाम हो गया। गंभीर रूप से घायल संजय व बुलेरो में सवार एक घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से दोनों को सुपेला शास्त्री अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। घायल ने बताया कि बुलेरो में सवार तीनों युवक नशे में थे और काफी तेज रफ्तार में वाहन चला रहे थे।

**दो साल बीतने के बाद भी फरियादियों को नहीं मिली राशि**

# चिटफंड की सवा लाख अर्जियां डंप नई सरकार से निवेशकों की उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

वर्ष 2022-23 के अगस्त व सितंबर माह में लंबी कतारों में खडे होकर चिटफंड के जाल में फंसे सवा लाख से अधिक पीडितों ने प्रशासन को अर्जियां दी थी। उन्हें इस बात की उम्मीद थी कि, आवेदन देने के बाद जल्द ही राशि मिल जाएगी। लेकिन यहां जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ऐसे चिटफंड कंपनी की कुंडली ही नही खंगाल पाई है। हाल ही में पुलिस ने शुष्क इंडिया के संचालक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिसके बाद निवेशको की उम्मीदे बढ गई हैं। लेकिन अभी दर्जनभर से अधिक कंपनियों के डायरेक्टर फरार है। कांग्रेस शासन काल में लिए गए आवेदन को लेकर निवेशक अब राज्य में बैठी भाजपा की सरकार से उम्मीद लगाए बैठी हैं।

### निवेशकों को राशि वापस करने का खोखला दावा



### सिविल कोर्ट तक नहीं जा पा रहा प्रशासन

माना जा रहा था कि, पीडितों द्वारा आवेदन देने के बाद प्रशासन द्वारा न सिर्फ कंपनियों का चिन्हांकन करेगी, बल्कि नियमों के तहत कुर्की की प्रक्रिया के लिए जिला कोर्ट में अर्जी भी दी जानी थी। ताकि कोर्ट से कुर्की कि अनुमति मिल सके। लेकिन प्रशासन के समक्ष सवा लाख अर्जी आने के बाद भी एक भी प्रकरण कोर्ट में सुनवाई के लिए दर्ज नही कराया गया है। इधर चिटफंड संचालको की व्यापक पैमाने पर गिरफ्तारी भी नही हो पाई है।

### शुष्क इंडिया का डायरेक्टर गिरफ्तार

चिटफंड कंपनी के फरार डॉयरेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406, 409, 120बी, 34 चिटफंड अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि, वर्ष 2010 में शुष्क इंडिया लिमिटेड कंपनी का आफिस स्टेशन रोड दुर्ग में आरके. हाईटस बिल्डिंग में खुला था। कंपनी के सीएमडी कैलाश सिंह लोधी, नरेन्द्र सिंह लोधी, फत्ते सिंह लोधी, ललीत पाल, मोहन कुमार, साकार देवेन्द्र चौहान, अनिल सिंह लोधी थे। कंपनी लोगों ने प्रलोभन दिया कि रकम निवेश करने पर 6 वर्ष में दोगुना और 8 वर्ष मे तीनगुना और 11 वर्ष में चार गुना रकम लाभ होगा।



खबर संक्षेप



## दीदियों ने हर्बल गुलाल बेचकर कमाए तीन हजार 740 रुपये

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत पुरई की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल बनाने का कार्य किया जा रहा है। महिला स्व-सहायता समूह की ये महिलाएं पारंपरिक रूप से होली के रंग तैयार करने के कार्य में लगी हुई हैं। ग्राम पंचायत पुरई की महिलाएं अब हर्बल गुलाल के रूप में न केवल होली के रंग बनाने में लगी हुई है, साथ ही आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा रही हैं। इस समूह में लगभग 10-11 महिलाएं जुड़ी हुई हैं और इनकी मेहनत ने 100 किलो हर्बल गुलाल का उत्पादन किया। एक किलो गुलाल को 54 रुपये में बेचने के बाद इन महिलाओं ने कुल 3,740 रुपये का मुनाफा कमाया। यह प्रयास सिर्फ आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की कहानी भी है।

## होली पर 14 को शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने होली जिस दिन रंग खेला जाय पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार शुक्रवार, 14 मार्च को होली के अवसर पर दुर्ग जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे-एफ.एल.-1 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एल.एल.-1 (ख-अहाता), एल.एल.-1 (ख - कम्पोजिट अहाता), एफ.एल. 3, 3 (क,ग), 4, 4 (क), 5, 5 (क), 6, 7, 8, एफ.एल.-9/9 ए, सी.एस. 1-ग, एफ.एल. 10 (छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन, अरसनारा गोदाम दुर्ग) एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई को पूर्णतः बंद रहेगी। साथ ही आबकारी विभाग के अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं।

# धरना-प्रदर्शन और रैली निकालकर कार्यकर्ताओं ने बताई पीड़ा

### केन्द्र व राज्य सरकार को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिलेभर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओ ने मांगों को लेकर केन्द्र व राज्य शासन के नाम ज्ञापन सौंपा हैं। उन्होने राज्य शासन द्वारा उनकी मांगों को बजट में शामिल नही किए जाने पर नाराजगी जाहिर की और सोमवार को दुर्ग मुख्यालय में रैली निकाली। पुराना बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन कर जिला कार्यालय तक रैली निकालकर ज्ञापन दिया हैं।

ज्ञापन में लिखा हैं कि, देश के 27 लाख और छत्तीसगढ़ के एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाऐ आज आइसीडीएस के संचालन के 50 वर्ष होने के बाद भी मौलिक और बुनियादी सुविधाओ से वंचित है। आज देश मे और छत्तीसगढ़ मे आपके पार्टी के डबल इजन की सरकार है और आपसे हम बहनो की काफी





उम्मीद है। उन्होने मार्च 2025 के बजट में अपनी मांगों को शामिल करने की मांग की हैं। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओ को पंचायत और शिक्षा कर्मियो की तरह शासकीय कर्मचारी घोषित, वेतन 21000/- रूपये कार्यकर्ता को और सहायिका को इसका 85% राशि स्वीकृत करने व सेवा निवृत्ति पर बुढ़ापे की सहारा के लिये समाजिक सुरक्षा.के रूप मे पेशन, ग्रेज्युवेटी और समूह बीमा लागू किया जाए। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को वर्ष 2098-99 मे नीति बनाकर वरिष्टता क्रम मे सुपरवाईजर के पद पर सिधे पदोन्नति की मांग की गई हैं। इसके आलावा क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान की मांग की गई हैं। संघ ने कहा यदि 16 फरवरी तक मांगे पूरी नही होने पर 17 फरवरी को प्रधानमंत्री और माननीय मुख्यमंत्री के नाम प्रत्येक जिला से ज्ञापन दिया जाएगा। इसी तरह 10 मार्च को प्रान्तीय स्तर पर रायपुर मे ध्यानाकर्षण विशाल धरना रैली प्रस्तावित है।

### इंतजार: विभाग का बंटवारे में देरी से शासकीय कार्य हो रहे पेंडिंग

# एमआईसी गठन की कवायद शुरू अनुभवी पार्षदों को मिलेगी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम में सभापति के चुनाव के बाद अब एमआईसी गठन की कवायद शुरू हो गई हैं। इसके लिए नए तो कम बल्कि पुराने दर्जनभर पार्षद दौड में शामिल है, जहां संगठन से लेकर वरिष्ठ नेताओं को अपने अनुभव और उपलब्धियों को गिनाने में लगे हैं। आगामी दिनों महापौर द्वारा शहर का बजट पेश किया जाएगा। इसके पहले एमआईसी गठन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। विभागों का बंटवारा नही होने से कई प्रकरण फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

नगरनिगम में दर्जनभर विभाग के संचालन के लिए जिला संगठन से लेकर महापौर और सांसद विजय बघेल, पूर्व सांसद सरोज पांडेय व विधायक गजेन्द्र यादव के पसंद पर मुहर लग सकती हैं। बहरहाल जीतकर आए पार्षदों में तीन से चार बार के सीनियर पार्षद शामिल है, जिनके द्वारा कसरत शुरू कर दी गई है। बताया गया कि, सोमवार को मेयर की अगुवाई में बजट को लेकर बैठक रखी गई थी। माना जा रहा है कि, आगामी दो दिनो में एमआईसी का गठन भी कर दिया जाएगा। इधर एमआईसी में सिर्फ 12 विभाग है। ऐसे में बीजेपी के पास चालीस पार्षद है, इसमें एक श्याम शर्मा सभापति बन गए। इतने पार्षदों के बीच सामंजस्य बनाना मेयर अल्का बाघमार के लिए चुनौती से कम नही होगी।

### वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर, नागरिकों को शहरी बजट का भी इंतजार




### जातिगत आधार पर भी फोकस

एमआईसी में ज्यादातर अनुभवी पार्षदों को शामिल किया जा सकता हैं। इसमें जातिगत आधार पर देखा जाए तो एससी व कुर्मी व साहू वर्ग भी शामिल हैं। एससी वर्ग से आधा दर्जन पार्षद है। जिसमें रंजीता पाटिल, कासीराम कोसरे, शिवनायक, मनीष कोठारी, देवनारायण तांडी हैं, वही तीसरे नंबर पर साहू पार्षद मनीष साहू, शशि साहू, कुलेश्वर साहू व गुलशन साहू हैं। बहरहाल मेयर के लिए कुर्मी और सभापति के लिए अनारक्षित वर्ग को मौका देने के बाद इन वर्ग पर विचार किया जा सकता हैं।

### दौड़ में दर्जनभर सीनियर पार्षद

नगरनिगम में सभापति के चुनाव के बाद अब सीनियर पार्षद कतार में खडे हैं। सभापति के चुनाव में पार्षदों ने पर्यवेक्षक को अनुभवी पार्षदों को मौका देने की नसीहत दी थी, उसी पैटर्न को लेकर लाबिंग शुरू हो गई है। सीनियर पार्षदों का कहना है कि, जिसे ज्यादा समय तक काम करने का अनुभव उसी को मौका देना चाहिए। दौड में चंद्रशेखर चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, कमल देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार हैं। वही सभापति की रेस में पहले नंबर पर हे मनीष साहू को भी साधा जा सकता है। पता चला कि, एमआईसी के लिए नए पार्षद भी अपने दावेदारी संगठन तक कर रहे हैं।

### सभापति के चुनाव के सात दिन के अंदर

जानकारो की माने तो सभापति के चुनाव होने के सात दिन के अदर एमआईसी गठन करने की प्रक्रिया है। बहरहाल एमआईसी गठन नही होने से विभागों का कामकाज पूरी तरह से चरमराया हुआ हैं। विभागों से संबंधित मांग आने के बाद भी निगम प्रशासन कुछ नही कर पा रहे है। ऐसे में जल्द से जल्द एमआईसी गठन करने की मांग उठ रही है। पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने बताया कि, नगरनिगम की धारा 1956 व 18 में सभापति के निर्वाचन के सात दिन के अंदर एमआईसी गठन करने का प्रावधान हैं। इसके लिए महापौर को विशेषाधिकार दिया गया हैं।

# घास जमीन की बिक्री से भी नहीं कर रहे परहेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

घास जमीन की बिक्री पर प्रतिबंध लगे होने के बाद भी पटवारियों द्वारा नकल जारी कर रजिस्ट्री की जा

- प्रतिबंध के बाद भी हो रहा खेला

रही हैं। इस तरह के लगातार मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन के भी होश उड गए हैं। हाल ही में नायब तहसीलदार द्वारा कलेक्टर की बगैर अनुमति के करोडो रूपए के घास जमीन की न सिर्फ रजिस्ट्री बल्कि रिकार्ड भी दुरूस्त करने के मामले सामने आए हैं। घास जमीन जिसे चारागाह के लिए आरक्षित किए गए हैं।

इस जमीन को बेचने का प्रावधान नही है। लेकिन अतिआश्यक की स्थिति में कलेक्टर ही अनुमति देगें। लेकिन यहां कलेक्टर की अनुमति बगैर रजिस्ट्री हो रही हैं। जनदर्शन में भी ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन से घास जमीन को सुरक्षित किए जाने की मांग कर रहे हैं।

### बिना अनुमति किया आदेश पारित

**केस 1**

पिछले दिनों ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का 43 राजस्व निरीक्षक मंडल जुनवानी, सीताराम पिता गिरधारी सुपेला भिलाई निवासी को शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 661 के रकबा में 4000 वर्ग फिट भूमि जिनकी कीमत लगभग करोडों रूपए की जमीन बताया जाता है। इस जमीन को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खूंटे द्वारा बिना कलेक्टर के अनुमति अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग के प्रतिवेदन, अवलोकन के बिना छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 के तहत भूमिस्वामी हक में आदेश पारित कर दिया गया है। जो इनके कार्य क्षेत्र से बाहर है।

### हुई थी घास जमीन पर कब्जे की शिकायत

**केस 2**

इसके पहले नगरनिगम दुर्ग के पूर्व पार्षद अनुप कुमार चंदानिया पोटियाकला ने खसरा नंबर 440, 396, 554 रकबा शामलात चारागाह में दर्ज हैं, जिसकी उन्होने बिक्री रोकने की शिकायत की थी। इन्होने शिकायत में बताया कि, चारागाह की जमीन को स्थानीय भूमाफिया और बिल्डर्स ने मिलकर बेच दिया हैं। इसकी आपत्ति वार्डवासियों ने भी की थी। इसी तरह कुम्हारी के खपरी स्थित डिस्टलरी प्लांट में निर्धारित से अधिक घास जमीन पर कब्जे की शिकायत की गई थी।

## गर्ल्स कॉलेज में योग विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के डॉ राजीव चैधरी, प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा विभाग, विभागाध्यक्ष विधि को आमंत्रित किया गया था।

# विधायक की पहल पर शिवनाथ के संरक्षण सहित करोड़ों के कार्य बजट में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिवनाथ के संरक्षण एवं दुर्ग में जलसंवर्धन व्यवस्था को दुरुस्त करने विष्णुदेव साय सरकार के दूसरे बजट में करोड़ों रूपये की राशि से होने वाले कार्य को विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से बजट में स्वीकृति मिली है।

- विधायक ने मंत्री केदार कश्यप का जताया आभार

शिवनाथ नदी में तटरक्षण एवं बाढ़ प्रबंधन कार्य, उदवहन सिंचाई योजना, उरला बेलौदी एनिकट का जीर्णोद्धार जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने बजट शामिल कर राशि की स्वीकृति दिए है। इसके लिए विधायक गजेन्द्र यादव ने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से मिलकर दुर्गवासियों की ओर से आभार जताया है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार अपने



सभी वादों को पूरा करने में जनता के बीच खरा उतरी है। जल संवर्धन को लेकर दुर्ग विधानसभा से बजट शामिल करने की मांग को बजट में शामिल किया गया है। शिवनाथ नदी तट महमरा एनिकट पर सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण होने दुर्ग की जनता को शहर में ही परिवार सहित घूमने फिरने का सुंदर स्थल मिल जायेगा इससे यहां पर्यटक भी बढ़ेंगे। बरसों पुराने बने नहर लाइनिंग का संधारण नहीं होने से सिंचाई में परेशानी होती है। कई स्थान पर एनीकट एवं जलद्वारो का जीर्णोद्धार की मांग जल संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा था, कार्य की स्वीकृति मिलने से जल जलसंवर्धन बेहतर हो सकेगा।

### ये कार्य हुए बजट में शामिल

शिवनाथ नदी में तटरक्षण एवं बाढ़ प्रबंधन कार्य - 45 लाख, दुर्ग जिले के शिवनाथ मंडल कार्यालय का जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण - 40 लाख, मोहंदी जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहरो का लाइनिंग कार्य - 40 लाख, जिले के औद्योगिक उपयोग हेतु नगपुरा बैराज का निर्माण कार्य - 40 लाख, शिवनाथ नदी में उदवहन सिंचाई योजना - 80 लाख, शिवनाथ मंडल के अधीन निर्मित एनीकट एवं जलद्वारो का जीर्णोद्धार - 50 लाख, उरला बेलौदी एनिकट का जीर्णोद्धार एवं अपस्ट्रिम डाउनस्ट्रिम का कटाव नियंत्रण कार्य - 50 लाख, शिवनाथ नदी तट पर सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण - 25 लाख, मड़ोदा बी एवं सी जलाशय का जीर्णोद्धार एवं चैनल निर्माण तथा कॉन्डयुक्ट चैनल का जीर्णोद्धार।

# दल ने 25 परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, नहीं मिले नकलची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी 10वीं परीक्षा के अंतर्गत 10 मार्च को आयोजित विज्ञान (200) विषय पेपर के दौरान जिले के 05 उड़नदस्ता दल द्वारा 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी केन्द्र में अनुचित साधन का उपयोग नहीं पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार अरविन्द कुमार मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 4 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक धनोरा, बोरसी, घुघवा शामिल है। श्रीमती गौरी शुक्ला सहायक संचालक प्रभारी अधिकारी द्वारा 08 परीक्षा केन्द्रों जिसमें उतई, सेजेस उतई, डुण्डेरा, सोमनी, पुरैना, औंधी, घुघवा, पहंडोर शामिल है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव द्वारा 5 परीक्षा केन्द्रों सेक्टर 7 भिलाई, भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 शामिल हैं।

# वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारती विश्वविद्यालय पोटिया रोड पुलगांव में शिकसा महोत्सव 2025 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। कार्यक्रम में अतिथि महापौर श्रीमती अलका बाघमार जनप्रतिनिधियों के साथ उपस्थित थे। धमधा नाका टोल प्लाजा के पास जिला देवांगन समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मां परमेश्वरी

- विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं महापौर

महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में महापौर श्रीमती अलका बाघमार सम्मिलित होकर मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समाज एवं क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। साथ ही समाज के उत्कृष्ट बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महापौर




श्रीमती अलका बाघमार ने कहा किसी भी समाज के उत्थान के लिए शिक्षा बहुत ज़रूरी है शिक्षित समाज से ही देश का विकास संभव है। वार्ड 40 साई मंदिर के पीछे चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ सभा द्वारा महिला दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होकर महापौर ने कायस्थ समाज के पदाधिकारियों को महिला दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा आत्माविश्वास महिलाओं का सबसे बड़ा आभूषण हैं। एक सफल राष्ट्र की बुनियाद आत्मनिर्भर, सशक्त, सुदृढ महिला ही होती है। इस अवसर पर पार्षद विद्यावती सिंह, गोविंद्र देवांगन, सावित्री देवी दमाहे, डॉ मानसी गुलाटी, ममता देवांगन सहित अन्य मौजूद रही। वार्ड 21 स्थित सद्भावना भवन सियान मंच में बुजुर्ग व नागरिकों ने महापौर श्रीमती अलका बाघमार व पार्षद विद्यावती सिंह का सम्मान किया।

### नवपदस्थ कलेक्टर ने में सुनी आमजनों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

# लो टेंशन लाइन हटाने में देरी, अवैध प्लाटिंग रोकने गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे

- जनदर्शन में मिले 87 आवेदन, निराकरण के आदेश

जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, रोजगार दिलाने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 87 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम पंचायत कोडिया की सरपंच ने गर्मी को देखते हुए ग्रामवासियों के लिए पानी टैंकर उपलब्ध कराने आवेदन दिया। ग्राम पंचायत कोडिया में जल स्तर घटते जा रहा है, जिसके कारण मोटर पंप, हैंड पंप भी सूखने की स्थिति में है। ग्रामवासियों को पानी को लेकर मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीएमएफ फंड से पानी टैंकर उपलब्ध कराने आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा।

### अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने की मांग

ग्राम खम्हरिया निवासी कृषक ने अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाकर कार्यवाही करने आवेदन दिया। कृषक ने बताया कि विगत वर्षो से कुछ व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि को अवैध तरीके से कॉलोनी निर्माण हेतु प्लाटिंग कर छोटे-छोटे टुकड़ों में विक्रय किया जा रहा है, जिसकी किसी भी प्रकार की शासन प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई है। किसानों की पैत्रिक कृषि भूमि परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है। किसानों के कृषि कार्य रास्ते पर अवैध कब्जा कर कॉलोनी हेतु नाली का निर्माण कर कृषि कार्य रास्ते को कब्जा किया जा रहा है। आने जाने के रास्ते में कब्जा हो जाने के कारण किसानों को कृषि कार्य करने में असुविधा हो रही है। कलेक्टर ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुनते हुए एसडीओ (राजस्व) को निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### अवैध कब्जा हटाने की मांग

युवा शक्ति संगठन ने विश्वकर्मा मार्केट से अवैध कब्जा हटाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा मार्केट संजय नगर में कुल 110 प्लाट है, जिसमें से 54 प्लाट आबंटित है और 56 प्लाट अवैध कब्जा में है। अवैध कब्जे की शिकायत नगर निगम में की गई है। इस पर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम भिलाई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### लो टेंशन लाईन हटाने के दिए आवेदन

वार्ड क्रमांक 7 जामुल निवासी ने निजी मकान के ऊपर से लो टेंशन (एलटी) लाईन हटाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि जामुल में कच्चा मकान है। मकान के ऊपर से लो टेंशन (एलटी) लाईन होने के कारण पक्का मकान बनाने में परेशानी हो रही है। लाईन को हटाने के लिए बिजली विभाग में लगभग तीस हजार रूपए जमा भी किया जा चुका है, किंतु आज दिनांक तक एलटी लाईन को हटाया नहीं गया है। एलटी लाईन हटने के पश्चात ही मकान का निर्माण कराया जा सकता है। इस पर कलेक्टर ने बिजली विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# कायस्थ सभा ने मनाया महिला दिवस, किया महिलाओं का सम्मान

**दुर्ग।** कायस्थ सभा दुर्ग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं विशेष अतिथि श्रीमती सरिता विनोद चंद्राकर थीं। इस अवसर पर कायस्थ सभा में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली महिलाओं का सम्मान शॉल एवं श्रीफल देकर किया गया। इस अवसर पर कायस्थ सभा के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, महिलाओं के प्रतिनिधि स्वरुप श्रीमती पूनम श्रीवास्तव ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं कायस्थ सभा के सांस्कृतिक सचिव शप्रशांत श्रीवास्तव ने मंच संचालन करते हुए इस आयोजन को महिला आभार दिवस बताया। कार्यक्रम में कायस्थ सभा के संरक्षक आरके वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती अलका



बाघमार को एवं डॉ प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा विशेष अतिथि श्रीमती सरिता विनोद चंद्राकर को कायस्थ सभा की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कवियित्री अनुराधा बख्शी ने अपनी कविताओं प्रस्तुत की। सुप्रिया वर्मा के डांस ग्रुप द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। धन्यवाद ज्ञापन सचिव हर्षवर्धन श्रीवास्तव किया। सम्मान समारोह में डॉक्टर सरिता श्रीवास्तव, माया खरे, रुचि सक्सैना, आराधना खरे, पूनम श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### जानवरों के चोरी या गुम होने की हो रही घटना

**सेलूद।** ग्राम गाड़ाडीह निवासी नंदलाल यदु पिता मनराखन यदु का 2 मार्च की दोपहर से 12 जानवर वापस नहीं आया है। जानवर मालिक को चोरी होने की आंशका लग रही है। जिसमें 12 दूध वाली भैंस, 1 पड़वा, 1 पड़िया है। जानवर का प्रकार 1 भूरी आंख वाली, 5 देसी नस्ल की, 6 मुर्रा सिंह वाली, 1 पड़वा चांदी मुंडा सिंग का है। हमारे घर परिवार और परिचय कि लोगों को सूचना देकर ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कहीं भी सफलता नहीं मिला। उनका दूध का व्यवसाय ही एक मात्र आय का साधन है।


### सेलूद में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश का किया स्वागत



**सेलूद।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ग्राम सेलूद आगमन हुआ जहां सेलूद के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आतिशबाजी कर जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर जवाहर वर्मा, खिलेश मारकंडे, जयश्री वर्मा, सुरेंद्र बंछोर, दिलीप बंछोर, राकेश साहू, बल्लू रॉय, अजय राजपूत, रवि पटेल, सत्यभामा बंछोर, पुष्पा वर्मा, भुनेश्वरी साहू,द वला साहू, योगेश चंदेल, धनंजय साहू, ममता ठाकुर, सुभाष बंछोर, हेमीन बाई, खोईलन बारले, इंद्राणी वर्मा, करन धनकर, रूपराम साहू, लखन सेन, सुरेंद्र कुर्रे, राजेंद्र वर्मा, रोहित शिवारे, दिनेंद्र जांगड़े, शुभम साहू, चिंटू टिकरिया, विकाश साहू, तरुण जैन, राजू बंजारे, झम्मन यादव, मनोज देवांगन, योगेंद्र साहू, विष्णु वर्मा आदि उपस्थित थे।

## निधन

### आनंद शंकर शुकुल



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के मुख्य अग्निशमन अधिकारी रहे आनंद शंकर शुकुल का सोमवार को इंदौर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 मार्च को सुबह इंदौर में किया जाएगा। दिवंगत शुकुल भिलाई स्टील प्लांट के स्थापना काल से जुड़े रहे और बीएसपी के अग्निशमन विभाग के शुरूआती दौर से 40 लाख टन परियोजना तक उन्होंने अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया। वे अपने पीछे दो पुत्र प्रसन्न शुकुल और प्रणव शुकुल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### रविंदर कौर भाटिया



**दुर्ग।** मालवीय नगर निवासी शरविंदर कौर भाटिया उम्र 64 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 मार्च को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सरदार गुरमीत सिंह भाटिया की पत्नी और जसप्रीत सिंह, संदीप सिंह भाटिया की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### कार्यक्रम में युवाओं को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

# युवाओं को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

**दुर्ग-रायगढ़ युवा आदान प्रदान कार्यक्रम आयोजित**



माय भारत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग द्वारा 2 मार्च से 6 मार्च तक पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम दुर्ग-रायगढ़ चोपड़ा पैलेश दुर्ग में किया गया। इस कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के युवाओं ने दुर्ग जिले की सांस्कृतिक एवं भौगोलिक विरासत के साथ स्थानीय परंपराओं और विकास गतिविधियों समझा, साथ ही आपकी सामंजस्य से राज्य व देश की उन्नति के लिए राष्ट्रीय एकता और समरसता को बढ़ावा देने के महत्व पर भी मंथन किया। कार्यक्रम के दौरान दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने युवाओं को अपने निवास पर आमंत्रित कर भारत सरकार के विकसित भारत की संकल्पना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के कथनों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं को सहभागी बनने प्रेरित किया। कहा एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा अलग-अलग प्रांत, जिला में जाकर वहां के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन कर पा रहे हैं जो भविष्य में विकसित भारत के लिए योजना निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।

नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने बताया कि 2 मार्च से 6 मार्च तक चोपड़ा पैलेस दुर्ग में रायगढ़ जिले के 27 युवा पांच दिनों तक शैक्षणिक सत्र, कार्यशाला, खेल और क्षेत्र भ्रमण जैसे कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दुर्ग जिले के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासतों से रूबरू हुए। उन्हें नगपुरा पार्श्वनाथ तीर्थ, मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध थनौद सहयोगी सामुदायिक रेडियो स्टेशन, हमर हटरी सहित आसपास के पर्यटन एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। साथ ही छग की कला एवं संस्कृति के विषय पर मास्टर ट्रेनर योगेश चंद्राकर, सामुदायिक विकास विषय पर आदित्य भारद्वाज, व्यक्तित्व निर्माण विषय पर जितेंद्र सोनी एवं महेंद्र सिन्हा, साइबर क्राइम जागरूकता के लिए सायबर पोलिस थाना दुर्ग के सीनियर सब इंस्पेक्टर डॉ संकल्प रॉय सहित अन्य वक्ताओं ने युवाओं को संबोधित किया। युवाओं को प्रतिदिन योग एवं मनोरंजक खेलों का अभ्यास भी कराया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में एपीए आरती मिश्रा, सुमित शर्मा, आकांक्षा गोंडाने, भूपेंद्र मानिकपुरी, वेदप्रकाश सिंह, गायत्री निषाद, रितु साहू, सुभद्रा निषाद सहित शौर्य युवा संगठन कोड़यिा, कर्मवीर युवा संगठन कातरो, जीविका स्वसहायता समूह बोरसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नवनिर्वाचित उप सरपंचों ने गांव के विकास के लिए शपथ ग्रहण की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ग्राम पंचायत सिकोला में लोकेश बंछोर दो बार पंच बन चुके हैं और इस बार पंच के साथ उपसरपंच भी बन गए हैं। इस प्रकार लगातार 3 बार पंच की भूमिका निभा चुके हैं। ग्राम पंचायत बोरीद के उपसरपंच बने साहेब दास 12 मत प्राप्त कर विजय प्राप्त कर ग्राम पंचायत के उप सरपंच बन गए हैं।

वहीं पाटन जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कसही के उपसरपंच यमुना दीपक यादव बनी है। उन्होने उप सरपंच के शपथ ली और गांव के विकास के लिए सराहनीय कार्य करने की बात कही। पाटन जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पंदर उपसरपंच बने आकाश कश्यप ने ग्राम पंचायत पंदर के उप सरपंच पद का शपथ लिया और गांव के विकास के लिए सहरनीय कार्य करने की बात कही। इसी प्रकार पाटन जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत देमार के निवासी भूषण कोसरे ग्राम पंचायत देमार के उप सरपंच बने हैं। भूषण कोसरे ने बताया कि गांव का विकास मतलब गांव के गरीब और मजदूर का विकास हमारा लक्ष्य है।

## होली पर्व भाईचारा व शांतिपूर्ण मनाने लोगों से की गई अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

होली के पर्व नजदीक आते ही पुलिस विभाग पर दबाव और शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की जिम्मेदारियां बढ़ जाती है कोशिश रहती है कि बिना लड़ाई झगड़े से या रंगों का पर्व होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए। पुलगांव थाना प्रभारी पुष्पेंद्र भट्ट आसपास अंचल के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिला समूह को थाना परिसर में बुलाकर होली पर्व आपस में मिल जुलकर एवं भाईचारा के साथ मनाने की अपील कर रहे हैं। लोगों से मिलकर संवेदनशील जगहों का मुआयना करके पुलिस तैनात करने की बात किया गया। थाना प्रभारी होली को लेकर लगातार गांव में दौरा कर रहे हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर को अपने गांव के चौक-चौराहों में लगाये। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे ने गांव में एक ही जगह होलिका रखने एवं अर्धरात्रि के पहले होलिका दहन करने की अपनी बात रखी। उक्त अवसर पर पुलगांव, कोलिहापुरी, चंदखुरी, पिसेगांव, गनियारी, महमरा, पोटिया पीपरछेड़ी, सिलोद आदि गांव के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- **थाना प्रभारी होली पर्व में शांति व्यवस्था बनाने गांवों का कर रहे दौरा**

## मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित, हुई बैठक



**सेलूद।** ग्राम सेलूद में त्रिदिवसीय सस्वर मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन 2, 3, 4 फरवरी को किया गया जिसके आय व्यय को पारदर्शिता रखते हुए जिसमें आय व्यय की जानकारी समिति के कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार साहू द्वारा दिया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर विशेष सहयोग देने वाले ग्रामीणजन का प्रतीक चिन्ह व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख सुरेंद्र बंछोर, रामायण समिति के अध्यक्ष अशोक यादव, सरपंच खिलेश मारकंडे, उप सरपंच राकेश साहू, समिति के उपाध्यक्ष तारेंद्र बंछोर, कृष्णकुमार साहू, अनिल बनपेला, चंचल यादव, टामन लाल साहू, चूरामन यादव, संतराम यादव, राजेंद्र वर्मा, रमेश कश्यप, त्रिभुवन यदु, नीतीश यादव, ब्रह्मानंद बंछोर, शुभम अमृत, अशोक जैन, डोमेंद यादव,मुरली ठाकुर,नरेश साहू हितेश ठाकुर,हिरेंद्र ठाकुर,देवानंद ठाकुर, तुलेश ठाकुर,नरेश साहू आदि उपस्थित थे।

## खेतों में किसान लगा रहे पैरोल में आग, वातावरण हो रहा प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



नगर पंचायत पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोरपा से सोनपुर-तारीघाट-अभनपुर पहुंच मार्ग पर बरगद के पेड़ को जलाने का प्रयास किया गया है। देखने से पता चलता है खेतों में भी आग लगी है। शायद खेतों में पैरा बिखरा रहा होगा। जिसके कारण से वहां पर आग लगी है और पेड़ बुरी तरह से जल गया है। बरगद के पेड़ के नीचे पूरी तरह से जल गई है।

बरगद के पेड़ लोगों को चीख चीख कर एक ही बात कह रही है कि कोरोना काल से भी तुम नहीं समझे क्या कितना अक्सीजन के लिए लोग तरसे हैं और कई लोग आक्सीजन के कमी के कारण अकाल मृत्यु के आगोस में समा गए। आपको बता दें पूरे पाटन विधानसभा क्षेत्र में जब से खरीफ फसल की कटाई हुई है लगातार खेतों में किसानों के द्वारा भी आग लगाई जा रही है। वहीं पर कई खेतों में पैरा पड़ा हुआ है वहां पर भी आग लग रही है और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई भी लकड़ी दलालों के द्वारा किया जा रहा है। जिस पर प्रशासन भी मौन व्रत हैं। आखिर प्रशासन के द्वारा लकड़ी को काटने वाले तस्करों और पेड़ को जलाने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई करने से क्यों हाथ खींच रही है। दंडात्मक कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है। यह आम नागरिकों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है। आखिर कब तक अपने फायदे के लिए जीवित पेड़ पौधों की बलि चढ़ाते रहेंगे लकड़ी तस्कर और पेड़ पौधों को जिंदा जलाने वाले लोग के ऊपर करवाही नही हो रही है और लकड़ी तस्कर पेड़ो की बली देने में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं।

- **दलाल कर रहेपेड़ों की अंधाधुंध कटाई, प्रशासन मौन**

## नगरपालिका परिषद कुम्हारी में कांग्रेस की झोली में आया उपाध्यक्ष पद, प्रमोद सिंह ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



चौबीस पार्षदों वाले नगरपालिका परिषद में अपनी प्रतिष्ठा को बचाने की जद्दोजहद में कांग्रेसी अंततः सफल रहे। ज्ञात हो कि प्रत्यक्ष चुनाव में जनता ने भाजपा प्रत्याशी मीना वर्मा को अध्यक्ष पद के लिए अपना समर्थन दिया वहीं भाजपा के ग्यारह वार्ड पार्षद चुनाव जीते तथा ग्यारह कांग्रेस प्रत्याशियों ने भी जीत हासिल की साथ ही दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की ये दोनों ही निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा समर्थित थे। सोमवार को उपाध्यक्ष पद के लिए बैलेट पेपर के माध्यम से हुए उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए भाजपा के तीन दावेदार मैदान में थे जिनमे क्रमशः लोकेश कुमार साहू वार्ड क्रमांक 23, आर प्रवीण राव वार्ड क्रमांक 18 एवं उमेश्वरी साहू थे। शेष दो दावेदारों के मैदान से हटने के बाद लोकेश कुमार साहू ही मैदान में थे लेकिन संभवतः अंदरूनी सामंजस्य के अभाव में सारे समीकरण ध्वस्त हो गए और कांग्रेस की ओर से उतरे एकमात्र प्रत्याशी प्रमोद सिंह राजपूत को इसका सीधा लाभ मिला उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी लोकेश कुमार साहू को 12 के मुकाबले 13 मतों से शिकस्त देते हुए उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल किया। कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें एक आवेदन भाजपा की रितिका यादव का निरस्त हो गया तथा बाद में भाजपा के दो प्रत्याशियों द्वारा नाम वापस लेने के पश्चात सीधा मुकाबला लोकेश कुमार साहू भाजपा एवं प्रमोद सिंह राजपूत कांग्रेस के मध्य हुआ। अपील समिति आपसी सहमति से गठित की गई जिसमें अध्यक्ष के साथ भाजपा के अश्विनी और कांग्रेस से युजेंद्र को चुना गया है।

- **कुम्हारी में उपाध्यक्ष पद के लिए हुआ चुनाव, बहुमत के बाद भी भाजपा की झोली खाली**

## औद्योगिक ग्राम रसमड़ा के विकास के लिए विधायक ललित का ग्रामीणों ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग जिला मुख्यालय के निकटस्थ औद्योगिक ग्राम रसमड़ा में विधायक ललित चंद्राकर के प्रयास से मिनी स्टेडियम एवं आईआईटी कॉलेज हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बजट में राशि स्वीकृत किया गया है, एवं ग्राम रसमड़ा के नागरिकों ने विधायक से मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों कार्यों का मांग ग्रामवासियों द्वारा कई वर्षों से किया जा रहा था जिसे विधायक चंद्राकर ने प्राथमिकता पूर्वक पूरा किया है। विधायक को धन्यवाद देते हुए किसान मोर्चा अध्यक्ष एवं रसमड़ा ग्राम समिति प्रमुख नंदकुमार निर्मलकर, भाजपा मंत्री चेतन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व सरपंच रामखिलावन यादव, पुष्पा सिंह जनपद सदस्य नंदकुमार साहू, लालजी गुप्ता, देवेन्द्र वैष्णव, छन्नू वैष्णव, गरीबा दांडी, पूर्व सरपंच ममता भागवत साहू आदि ग्रामवासियों ने बताया कि रसमड़ा औद्योगिक ग्राम है, यहां के निकटस्थ ग्रामों के विद्यार्थीयों के लिए आईआईटी की स्थापना होने से भविष्य उज्ज्वल बनेगा, साथ ही मिनी स्टेडियम के निर्माण से यहाँ के प्रतिभावान युवाओं को खेलकूद अभ्यास के लिए समुचित स्थान प्राप्त होगा।

- **स्टेडियम एवं आईआईटी कॉलेज के लिए बजट में राशि स्वीकृत**

### शिक्षक कला व साहित्य अकादमी ने किया शिकसा महोत्सव का आयोजन

# शिकसा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




भारती विश्वविद्यालय दुर्ग सभागार में शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में शिकसा महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया।

इस अवसर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शिकसा संस्था शिक्षकों व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित एक बहुआयामी संस्था है जो हमेशा रचनात्मक कार्य करते हैं और लोगों के जीवन में खुशियां लाने का काम करते हैं एक शिक्षक सभी के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हमें ज्ञान, मूल्यों, और जीवन के महत्वपूर्ण सबक सिखाते हैं। उनकी मेहनत, समर्पण, और प्रेरणा से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होते हैं। आज हम ऐसे शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए हैं जिन्होंने अपने अपने कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है और लोगों के जीवन में खुशियां लाने का काम किया है। मैं उनकी मेहनत, समर्पण और प्रेरणा के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उनके भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर संस्थापक और संयोजक शिवराज देवांगन, कौशलेंद्र पटेल डॉ. बोधिराम साहू, राधेश्याम केवट, नीता त्रिपाठी, पुष्पांजलि ठाकुर, आरती शुक्ला, नीता त्रिपाठी, संध्या पाठक, ममता चंद्राकर, विमला कामड़े, शीलत रात्रे, दानेश्वरी देशमुख सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के. कृष्णा पिता स्व. श्री थिरपैय्या उम्र 53 वर्ष, निवासी वार्ड कं. 57. कातुलबोर्ड हरिनगर, एस.ए.एफ. लाईन भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा कंवलजीत बाठ पिता स्व. श्री वी.एस. बाठ के स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई प.ह.नं. 68, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित प्लाट क्रमांक 09 ब्लाक 59, क्षेत्रफल 216 वर्गमीटर को मेरे पक्षकार से चुकता रकम 60,00,000/- रू. (अक्षरी साठ लाख रू.) में विक्रय करने का पक्का सौदा किया गया है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार व कंवलजीत बाठ के मध्य दिनांक 06.06.2024 को उक्त सौदे के संबंध में एक बिक्री इकरारनामा भी निष्पादित किया गया है जिसमें उल्लेखानुसार उक्त भूमि /मकान का पंजीयन दिनांक 06.06.2024 से 18 माह के भीतर विक्रेता द्वारा क्रेता के पक्ष में कर दिया जावेगा। मेरे पक्षकार को वर्तमान में उसके विश्वस्थ सुत्रो से पता चला है कि विक्रेता द्वारा उपरोक्त भूमि / मकान को विक्रय करने का सौदा किसी अन्य व्यक्ति से किया जा रहा है। इस कारण से इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण अर्थात किसी व्यक्ति, संस्था, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा इकरारशुदा उक्त भूमि / मकान को क्रय ना करे अन्यथा की स्थिति में मेरा पक्षकार आपके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में उचित कानूनी कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।

स्थान- दुर्ग
दिनांक-10.03.25

श्री अशोक कुमार डोटे
अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 93290-20689

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202503100700031/ मामले की श्रेणी:- राजस्व**

विषय:- अ-6 सनः- 2024-2025
दुर्गप.ह.न. (10019 [682/10(0.0080 हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार अजय कुमार ठाकुर, अनावेदक पक्षकार-कांता बेन पिता गोवर्धन भाई सोलंकी,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अजय कुमार ठाकुर पिता रामनाथ ठाकुर निवासी ग्राम-बोरई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 682-686/10 रकबा 900 वर्गफीट भूमि को आवेदक के नाबालिग स्थिति में उसके पिता के द्वारा विक्रेता इन्दु बाई पति कृपाराम निवासी संतराबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11/05/1972 को क्रय किया गया।, क्रय दिनांक 11/05/1972 से उक्त भूमि पर काबिज है। वर्तमान में आवेदक बालिग हो चुका है। आवेदक के पिता रामनाथ ने उक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नाबालिग अवस्था में क्रय किया गया था। जिसका प्रमाणीकरण भूलवश नहीं कराये जाने पर आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21/03/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/03/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार दुर्ग

**समक्ष : श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग, (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ता श्रीमती शांता राव पति श्री दिलेश्वर राव, उम्र 32 वर्ष निवासी-चाचा चौक, रुआबांधा बस्ती भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तनुसार है।
2 यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 8406 5742 9092 में मेरा पूर्व में नाम SURADA SANTHAMMA दर्ज था। जिसे मेरे द्वारा सुधार कराकर शांता राव (SHANTA RAO) दर्ज करा ली हूं।
3. यह कि मेरा बचत खाता बैंक ऑफ इंडिया शाखा भिलाई के खाता क्रमांक-930010510000438 में मेरा नाम SURADA SANTHAMMA दर्ज है।
4. यह कि मेरा सही नाम शांता राव (SHANTA RAO) व जन्मतिथि 01/05/1992 है।
5. यह कि SURADA SANTHAMMA एवं शांता राव (SHANTA RAO) दोनो मेरा ही नाम है और इस दोनो नाम की मैं एक ही महिला हूं।
6 यह कि आज से मेरे नाम को शांता राव (SHANTA RAO) जाना, समझा, पढ़ा व लिखा जावे, तथा मैं अपने समस्त दस्तावेज में अपना नाम सुधार कराना चाहती हूं, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत करती हूं।
7. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही एवं सत्य है कोई जानकारी या बात छुपाया नहीं गया है यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो मैं शपथकर्ता स्वयं जवाबदार रहूंगी।
अतः यह शपथपत्र उपरोक्त तथ्यों की सत्यता में नाम सुधार हेतु शासकीय प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप



### जल्द बने डा. आंबेडकर पुस्तकालयः कोमल

**भिलाई।** लाइजन ऑफिसर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन एवं एसोसिएशन के बीच बैठक हुई। प्रबंधन स मांगों पर चर्चा हुई। टाउनशिप में भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर की गरिमा के अनुरूप सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी के बाजू में खाली पड़ी जमीन में डां. अंबेडकर पुस्तकालय एवं संग्रहालय निर्माण हेतु एसोसिएशन अपना अध्ययन रिपोर्ट लाइजन अधिकारी को सौंपा। डायरेक्टर इंचार्ज, कार्यपालक निदेशक व संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ एक सप्ताह के अंदर बैठक करने,प्रबंधन द्वारा एसोसिएशन को प्रदत्त डॉ अंबेडकर भवन सेक्टर 6 को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर की मांग की। ताकि जिससे आगामी 14 अप्रैल को डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती भवन में मनाई जा सके। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बताया कि कब्जे से कार्यालय को संचालित करने में हमें हर महीने 20 हजार से 25,000 का खर्चा आ रहा है। बैठक में लाइजन ऑफिसर रोहित हरित, सहायक महाप्रबंधक आई आर एवं सी एल सी, एसोसिएशन अध्यक्ष कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, शशांक प्रसाद, महासचिव विजय कुमार रात्रे, संगठन सचिव परमेश्वर लाल, जोनल सचिव संत ज्ञानेश्वर गायकवाड आदि उपस्थित थे।

### प्रगतिशील महिला ऐसो. ने की मजदूरी बढ़ाने की मांग



**भिलाई।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला ऐसोसिएशन ऐपवा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भैरव बस्ती, शारदापारा, भिलाई में बैठक किया गया। बैठक में महिलाओं की आजादी, समानता और सम्मान के लिए संघर्ष को यादकर महिलाओं के लिए रोजगार और सम्मानजनक मजदूरी की आवाज को बुलंद किया गया। भैरव बस्ती में पेयजल की समस्या पर सरकार व प्रशासन के रवैया पर गहरा रोष जाहिर किया गया। 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की गई। बैठक में महिलाओं ने महतारी वंदन योजना में छूट गई महिलाओं को राशि तथा गरीबों को आवास देने की मांग की। ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकार के साथ रोजगार के पर्याप्त अवसर भी उपलब्ध कराने पर पुरजोर बल दिया गया। बैठक में अमिता कोसरे, सावित्री महिलांग,नीरा डहारिया,तजनीन टंडन, शांति बाई ,निर्मला गायकवाड, मंजू कुर्रे ,बिंदु बारले, सुनीता महिलांग, हेमकुमारी, संतोषी यादव ,राम भाई मरकाम, पुष्पा बाई बारले , बृजेन्द्र तिवारी, दीनानाथ प्रसाद, अशोक मिरी आदि लोग शामिल थे।

# सेल के प्रबंधन प्रशिक्षुओं का सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम हुआ उद्घाटित

## देशभर के 78 प्रशिक्षुओं को मिलेंगे प्रबंधन के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग द्वारा से मैनेजमेंट ट्रेनिज (तकनीकी) 2025 बैच के लिए सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम भिलाई निवास में शुरु किया गया। ट्रेनिंग कार्यक्रम में 78 प्रशिक्षु शामिल हुए हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन 19 मार्च तक किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, निदेशक केके सिंह और संयंत्र के ईडी पवन कुमार मंच पर उपस्थित थे। जूम के माध्यम से जुड़कर सेल, अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाष, चीफ विजिलेंस कमिश्नर एसएन गुप्ता, निदेशक प्रभारी, आरएसपी आलोक वर्मा, डायरेक्टर टेक्नीकल मनीषराज गुप्ता, निदेषक प्रभारी, बोकारो बीके तिवारी, निदेशक, एके तुल्सीयानी, निदेशक, कर्मिशयल वीएस चक्रवर्ती ने नए प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, डां. एके पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार, डॉ. रविंद्रनाथ एम, अरुण कुमार सहित संयत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आदि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पवन कुमार ने कहा कि सेल देश की एक विषाल महारत्न कंपनी है एक लाख करोड़ का टर्नओवर करने वाली इस्पात उत्पादक कंपनी है आज आप सेल परिवार जुड़ रहे हैं यह आप सभी के लिए गर्व का विषय है। आप कंपनी सेल में नहीं बल्कि सेल परिवार के सदस्य बने हैं। प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए 78 प्रशिक्षुओं में से साविल रंजन, मीनल सिंधेवार (इस्को), चरण अंकुला (आरएसपी), आदर्श बाबू (एएसपी-दुर्गापुर) और अनुराग राठौर (बीएसपी) ने कहा कि इस यात्रा की शुरुआत में, में हम यह समझता हूं कि सीखने और विकास की प्रक्रिया निरंतर चलने वाली है।



### इनोवेशन का समावेश करेंःअमरेंदु

जनसंपर्क विभाग द्वारा नव प्रशिक्षुओं की नियुक्ति पर निर्मित एक संक्षिप्त फिल्म व सेल पर फिल्म भी प्रषिक्षुओं को दिखाई गई। सीजीएम रांची संजय धर ने कहा कि सभी फ्रेश एनर्जी से परिपूर्ण हैं। आपको कंपनी, उसकी कार्यशैली, सिस्टम और तकनीक को समझने में मदद मिलेगी। जूम के माध्यम से सेल, अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने कहा कि इस्पात उद्योग बहुत विशाल उद्योग है, सेल का लक्ष्य बहुत महत्वाकांक्षी है, आप लोगों के लिए ऐसे समय में सेल से जुड़ना एक अवसर और प्रेरणादायक रहेगा। आप मनोयोग से सेल में निरन्तर सीखें और आगे बढ़े। हर काम को एक्सीलेंस के साथ लेकर चलें व इनोवेशन का समावेश करें। के के सिंह ने कहा कि सेल एक यूनिक कंपनी है । अनेक उतार-चढ़ाव के बाद भी यूनिक और ग्रेट प्लेस टू वर्क बनी हुई है। श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि आप सभी को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें लर्निंग एंड डेवलपमेंट के साथ आपको काफी सीखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी व महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया।

## उत्पादन, वर्किंग और मेन पावर के बीच बढ़ रहा असंतुलन

# भिलाई इस्पात संयंत्र में कम हो रहे कर्मचारी और बढ़ रहे ठेका मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में महीने दर महीने कर्मचारियों और अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने से उत्पादन, अन्य कामकाज और मेन पावर का अनुपात और संतुलन गड़बड़ाने का खामियाजा बीएसपी और सेल को भुगतना पड़ सकता है। तेजी से सेवानिवृत्ति और भर्ती नहीं होने का चौतरफा असर पड़ेगा।

यूनियनों के मुताबिक मेन पावर और वर्किंग के बीच बढ़ते गैप का दूरगामी दुष्परिणाम होगा। उल्लेखनीय है कि सेल के सबसे बड़े उपक्रम बीएसपी में मेन पावर तेजी से कम हो रहा है। हर माह औसत सौ सवा सौ कर्मी और अधिकारी शामिल हो रहे हैं। एक ओर तो पिछले कई साल से कार्मिक लगातार रिटायर हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर कर्मियों को भर्ती नहीं हो रही है। यदि हो भी रही है तो वह नगण्य है। नब्बे के दशक में बीएसपी में पचास हजार कर्मी व अधिकारी कार्यरत थे। आज मात्र 12 हजार कर्मचारी और पौने तीन हजार अधिकारी बचे हैं। इनमें वर्ष 2028 तक 70 फीसदी कर्मी सेवानिवृत्त हो जाएंगे। यूनियनों के मुताबिक उत्पादन, निष्पादन, अन्य कामकाज और मेन पावर के बीच बढ़ते असंतुलन से सेल व बीएसपी का आगामी उत्पादन लक्ष्य प्रभावित होगा और वर्कलोड भी बढ़ता जाएगा। बीएसपी के उत्पादन का लक्ष्य सात मिलियन टन और सेल का टार्गेट 31 मिलियन टन उत्पादन किया जाना है। इसके लिए राउरकेला, बोकारो संयंत्र का एक्सपांशन प्रोजेक्ट पूर्ण हो चुका है लेकिन बीएसपी लंबित है। जब उत्पादन लक्ष्य समय पर पूर्ण नहीं होगा तो बाजार में इस्पात की मांग आर्डर कैसे पूरे किये जा सकेंगे। क्या बीएसपी अपने मेन पावर के मात्र 8 हजार अघोषित लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

## कर्मियों पर काम का दबाव बढ़ने के साथ गड़बड़ाएगा उत्पादन का लक्ष्य



### तेजी से रिटायर हो रहे अनुभवी कार्मिक व इंजीनियर

मेन पावर में गिरावट का असर कार्यरत कर्मियों व अधिकारियों पर पड़ेगा। सबसे ज्यादा असर ठेका मजदूरों पर पड़ेगा। वर्कलोड बढ़ने से कर्मियों की कार्यक्षमता पर असर बढ़ने के साथ दुर्घटनाओं में भी वृद्धि होगी। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि सरकार की नीति विनिवेशीकरण को तेज करने की है। इसके चलते ही कर्मियों की सुविधाएं छीनी जा रही हैं। सेल कर्मियों का वेतन समझौता पांच से अपूर्ण है। 39 महीने के एरियर्स के भुगतान को अब तक रोककर रखा गया है। बीएसपी में भर्ती उसी अनुपात में हो जिस अनुपात में कर्मी रिटायर हो रहे हैं। ध्यान देने वाला तथ्य यह है कि रिटायर होने वालों में दीर्घ अनुभवी कर्मी,कुशल प्रबंधक, टेक्नोक्रेट, टेक्नशियन हैं वहीं दूसरी ओर प्लांट में अकुशल, अर्धकुशल मजदूरों को ट्रैंड नहीं किया जा रहा है।

### ठेका मजदूरों पर वर्कलोड

बीएसपी में नियमित कर्मी के रिटायर होने से ठेका मजदूरों की संख्या व काम का दबाव निरंतर बढ़ रहा है लेकिन उन्हें न्यूनतम वेतन, बोनस व सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। वेतन समझौता नहीं किया जा रहा है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि बीएसपी ठेका मजदूरों की निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। लेकिन प्रबंधन व सरकार मजदूरों का वेतन समझौता नहीं कर रहे हैं। एस -11 ग्रेड के बीएसपी कर्मी के बराबर वेतन समझौता करने की मांग यूनियनें एनजेसीएस में कर चुकी हैं। लेकिन परिणाम शून्य है। बीएसपी में 24 हजार ठेका मजदूर हैं।

# चोरी करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

चोरी करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि सिमेक्स छाप पाईप इण्डस्ट्रीज पाउवारा से 10 बंडल एचबी वायर अज्ञात चोर ने पार करने की शिकायत कमल किशोर साहू ने की थी। पुलिस ने चोर की तलाश में एसीसीयू व उतई पुलिस जुटी रही। पतासाजी के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि कंपनी का पूर्व कर्मी सेक्टर 4 निवासी इन्दरजीत सिंग को दबिश देकर हिरासत में लिया गया। पुछताछ करने पर अपने साथी एकता नगर चांदनी चौक खुर्सीपार सरवन कुमार साहू, मिनीमाता नगर सेक्टर 11 खुर्सीपार राहुल कुमार चौधरी , एकता नगर चांदनी चौक खुर्सीपार कुंदन निषाद, नामजन संगा के साथ मिलकर पीकअप वाहन सीजी 07 सीयू 1834 में डालकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 10 बंडल एचबी वायर जब्त किया गया। जब्त सामानों की कीमत 53 हजार रुपए आंकी गई है। वाहन समेत 2.50 लाख रुपए है। कार्रवाई में थाना उतई प्रभारी विपिन रंगारी,समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

- ढाई लाख रुपए का सामान जब्त

## कलामंदिर में अभा कवि सम्मेलन आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं व राजभाषा विभाग द्वारा होली के अवसर पर महात्मा गांधी कलामंदिर सिविकसेंटर में मंगलवार को शाम 7.30 बजे से अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन आयोजित है। इसमें सरेंद्र दुबे(रायपुर),श्वेता सिंह (बड़ौदरा),शैलेष गौतम (प्रयागराज), रोहित शर्मा (मुंबई) हास्य व्यंग्य की कविताओं से सरोबोर करेंगे। प्रवेश निः शुल्क है।

# सीटू ने बीएसपी की महिला कामगारों का बढ़ाया हौसला



**भिलाई।** सीटू द्वारा महिला दिवस पर यूनियन नेताओं ने इस्पात भवन एवं एचआरडी सेंटर पहुंचकर वहां के महिला कामगारों से मिलकर हौसलाआफजाई की और कहा कि यह दिन शुभकामनाओं तक सीमित रखने का दिन नहीं बल्कि असमानता के खिलाफ समानता के लिए संघर्ष करने का प्रण लेने का दिन है। सीटू नेताओं ने कहा सरकार का नारा है "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ " लेकिन इस नारे की असमानता और भेदभाव हर क्षेत्र में दिखता है। हमारा देश भी लैंगिक असमानता कीरिपोर्ट के अनुसार दुनियां के 146 देशों के भारत का स्थान 127वें स्थान पर था जो दो स्थान गिरकर अब 129वें स्थान पर है इसके खिलाफ समानता के लिए संघर्ष जरूरी है। आज देश के सत्ता में में काबिज ताकत महिलाओं के समानाधिकार और स्वतंत्रता के घोर विरोधी हैं। पहलवान बेटियों के लड़ाई में यह दिखा।वे नारियों को घर के चार दीवारों तक ही सीमित कर देना चाहते हैं। लोग संपत्ति पर महिलाओं को अधिकार देने के विरोधी है। बेरोजगारी की संख्या में वृद्धि हो रही है। ज्यादातर काम अस्थस्यी प्रकृति के होने के कारण महिलाएं समान काम के समान वेतन के अधिकार से वंचित है।रोजगार की कोई गारंटी नहीं है। कॉरपोरेट घरानों के मुनाफा की गारंटी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रम कानून में परिवर्तन कर समान काम के समान वेतन के अधिकार को भी सरकार छीन लेना चाहती है।

- समानता के लिए संघर्ष करने का प्रण लेने का दिन है महिला दिवस

# महिलाओं ने अपनी मेधा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा प्रगति भवन सिविक सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। बीएसपी के महिला अधिकारियों हेतु प्रेजेंटेशन, क्विज तथा फैशन शो का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. विनिता द्विवेदी थीं। सेफी चेयरमेन व ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वय तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, तथा सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा, तथा जोनल प्रतिनिधि डीपीएस बरार, निखिल पेठे, सुरेश चंद्र साहू, राधाकिशुन आदि उपस्थित थे।

श्री बंछोर ने कहा कि महिलाओं के विकास से जहां संस्थान का विकास होता है वहीं परिवार को भी नई ऊँचाई प्राप्त होती है। श नारी शक्ति को समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिले तथा वे कैरियर व परिवार में संतुलन बैठा सकती हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि सेल मेंमहिला नेतृत्वों को बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को विकास के समान अवसर प्राप्त हो जिससे वे आगे चलकर प्लांट की प्रथम महिला निदेशक प्रभारी बन सकें तथा ईडी का दायित्व निभा सकें। महिलाओं में अलग-अलग रूप में अपने दायित्वों को निभाने की अद्भुत क्षमता होती है। डॉ विनिता द्विवेदी ने महिलाओं ने एक लंबा संघर्ष किया है। इस संघर्ष का प्रतिफल है कि आज समाज महिला सशक्तिकरण की बात कर रहा है। यह एक सकारात्मक बदलाव है।

- ओए ने प्रगतिभवन में किया महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित




### साइबर सिक्यूरिटी पर दिया प्रेजेंटेशन

इस अवसर पर आयोजित में फौशन शो में महिला अधिकारियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक डॉ विनिता द्विवेदी,एक्स सीजीएम रंजना मूले, जीएम रूपम कुमार जीएम एस लक्ष्मी थीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एजीएम स्मिता जैन, द्वितीय पुरस्कार जीएम प्रीति भटनागर एवं तृतीय पुरस्कार डॉ. प्रदीप कौर ने प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह दिया गया। फाइनेंस डिपार्टमेंट के मैनेजर नेहा रानी ने फाइनेंसियल अवेयरनेश एवं साइबर सिक्यूरिटी पर एक रोचक प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम मेंपरविन्दर सिंह ने आभार प्रदर्शन व संचालन महिला प्रतिनिधि कोमल मेहरा, विनीता वर्मा, श्वेता शबनम, बी उषावल्ली, रंजीता सोनपीपरे ने किया।

## बोर्ड के मूल्यांकन से लोकल परीक्षा प्रभावित नया टाइम टेबल जारी

**दुर्ग।** प्राथमिक व मिडिल कक्षा के लिए पूर्व में जारी किए गए परीक्षा की टाइम टेबल में संशोधन किया गया हें। बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने परीक्षा की तिथि में बदलाव किया हैं। नए परीक्षा टाइम टेबल के अनुसार परीक्षा 22 मार्च 2025 को पहली से चौथी में अंग्रेजी की परीक्षा होगी। वहीं चौबीस मार्च को संस्कृत की परीक्षा छठवी व सातवी में होगी। वही 26 मार्च को पहली से चौथी की परीक्षा गणित की होगी। वही 27 मार्च को छठवी व सातवी में गणित की परीक्षा होगी। 29 मार्च को पहली से चौथी में पर्यावरण व दो अप्रैल को पहली से चौथी में हिन्दी व छठवी से सातवी में इसी दिन विज्ञान परीक्षा होगें। वहीं चार अप्रैल को छठवी से सातवी में सामाजिक विज्ञान और पांच अप्रैल को हिन्दी व सात अप्रैल को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। प्राथमिक के लिए परीक्षा नौ से ग्यारह व छठवी से सातवी के लिए नौ से बारह बजे आयोजित होगें।

- पहली से चौथी और सातवी तक नया टाइम टेबल घोषित

## देश और समाज के योगदान को किया याद

# कलामंदिर में दिनकर डांगे जन्मशती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

पूर्व विधायक दिनकर डांगे के जन्मशती समारोह का आयोजन प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ तथा श्री दिनकर डांगे जन्मशती आयोजन समिति द्वारा कला मंदिर मे संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता विचारक मुकुल मुकुंद कानिटकर , विचारक थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के प्रांत संयोजक अतुल नागले ने की। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि सदानंद सप्रे पूर्व राष्ट्रीय संयोजक प्रज्ञा प्रवाह और लक्ष्मीकांत जोशी थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व दिनकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। राज्य गीत बाद स्व. दिनकर डांगे के पुत्र अजय दिनकर डांगे ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। अतिथियों द्वारा तथा स्मारिका के लेखों के लेखकों का सम्मान परिवार के सदस्यों डॉ. किशोर डांगे, अनिता देशपांडे, नंदा डांगे, अंजली इंदुरकर, दिलीप इंदुरकर, चितरंजन नाईक तथा हेमंत नायडू ने शाल श्रीफल एवं पुष्प प्रदान कर किया । श्री नागले ने दिनकर डांगे द्वारा समाज हित में किए गए कार्यो का उल्लेख किया । सदानंद सप्रे द्वारा प्रचारक बनने,ध्येयनिष्ठ होने, तथा उनके कर्तव्य के विषय में बताया। पुस्तक के लेखक लक्ष्मीकांत जोशी ने पुस्तक के बारे में बताया। मुकुल कानिटकर ने कहा कि संगठन जो दायित्व देता है वो मैं करता हूँ चाहे दायित्व भारतीय शिक्षण मंडल का हो या कन्याकुमारी स्थित स्वामी विवेकानंद केंद्र का हो या योग गुरुकुल का हो समाज हित में कर्म करना। उसी को सर्वोपरि मानते हैं। आरएएसएस के प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा पूर्व प्रांत संघचालक बिसरा राम यादव, सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा ,बीएसपी ओए के अध्यक्ष श्री नरेंद्र बंछोर सहित स्मारिका में संस्मरण लिखने वाले श्री बिसराराम जी यादव, राम पाटणकर, वरदा जोशी, श वंदना निमोणकर, रजनी बोपर्डीकर, डां. वाघेला का सम्मान श्रीफल देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्योती धारकर और आभार प्रदर्शन सोनाली नाइक ने किया । दिनकर डांगे की जीवनी पर आधारित स्मारिका "दिनकर एक संघर्षपूर्ण जीवन" का विमोचन संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे आभार प्रदर्शन श्रीम सोनाली नाईक ने किया। इस अवसर पर हेमंत नायडू, शिवरामजी शुक्ला, अजय नागले, हेमंत सगदेव, कविश गोखले, अनिल दीक्षित, अनुज नारद, सिद्धेश व संकेत नागले, आदित्य धारकर,अथर्व भेलोंडे पूर्व ईडी मिलिंद गद्रे सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।








हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02



राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान से बी पोलम्मा हुई सम्मानित

## लाइव इवेंट

### पीजी छात्रों के लिए नेट परीक्षा को क्रैक करने स्थिरता और अभ्यास जरुरी



**भिलाई।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में स्नातकोत्तर छात्रों का मार्गदर्शन करने माइक्रोबायोलॉजी और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, वनस्पति विज्ञान और जूलॉजी विभाग, सेंट थॉमस कॉलेज द्वारा एक सूचनात्मक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई में हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

प्रतिष्ठित सीएसआईआर नेट (वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) को क्रैक करने के लिए रणनीतियों के साथ छात्रों को लैस करने कार्यक्रम आयोजित किया गया। ओरिएंटेशन ने विभिन्न विषयों से लाइफ साइंसेज में पाठ्यक्रम करने वाले पीजी छात्रों को आकर्षित किया। यह कार्यक्रम सीएसआईआर नेट परीक्षा की तैयारी के लिए विशेषज्ञ सलाह, मूल्यवान अंतर्दृष्टि और प्रभावी तकनीकों की पेशकश पर केंद्रित था, जो भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में अनुसंधान और शिक्षण पदों की तलाश करने वाले इच्छुक वैज्ञानिकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सत्र का नेतृत्व वक्ता सहा. प्रो डॉ शुभा दीवान ने किया। उन्होंने परीक्षा से निपटने के अपने पहले अनुभव को साझा किया। उन्होंने परीक्षा की संरचना, पाठ्यक्रम और समय प्रबंधन, अध्ययन सामग्री और परीक्षा देने की रणनीतियों पर महत्वपूर्ण युक्तियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने तैयारी के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया, स्थिरता और अभ्यास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ. पी. एस. वर्गीज, प्रिंसिपल डॉ एम जी रॉयमन, डीन (अकादमिक), डॉ. देबजानी मुखर्जी ने छात्रों अपने परीक्षा प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए अपने पीजी पाठ्यक्रम से अपने ज्ञान का लाभ लेने के टिप्स दिये। विभागों के बीच सहयोग ने अनुसंधान और शिक्षा में सफल करियर के इच्छुक छात्रों को समग्र समर्थन प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण कदम को चिह्नित किया। सत्र का समापन प्रशासक और प्रिंसिपल ने छात्रों को प्रोत्साहित कर किया। उन्होंने छात्रों से प्रतिबद्ध रहने और अपनी क्षमताओं पर विश्वास कर आगे बढ़ने प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग के राहुल चौरसिया ने किया।



## सिटी इवेंट

### कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ न्यायाधीशों को किया सम्मानित



**भिलाई।** जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग में कनिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा अपने वरिष्ठ महिला अधिवक्ताओं एवं न्यायधीशों को सम्मानित कर महिला दिवस सेलिब्रेट किया। अधिवक्ता पंजीयन लिस्ट के अनुसार 10 वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं महिला न्यायाधीश के अतिरिक्त तीन महिला शासकीय लोक अभियोजक, ग्राम पंचायत चुनाव में अपना परचम लहराने वाली महिला अधिवक्ता दुलारी देशलहरे और प्रिया साहू कुटुम्ब न्यायालय की महिला काउंसलर एवं मेडिएटर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। जिसके बाद प्रधान न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग प्रज्ञा पचौरी और गिरिजा देवी मेरावी ने अपने संघर्षों से समाज में अच्छा मुकाम हासिल करने के सूत्र और अनुभव साझा किए। जिसके पश्चात अधिवक्ता कंचनबाला ने कनिष्ठ अधिवक्ताओं से अपना विधिक करियर का अनुभव बताया। कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में आज भी स्त्रियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार पर कटाक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही सभी महिला अधिवक्ताओं को ओमेगा फाइनेंस और लघु पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी कमाई को इन्वेस्ट करने के तरीकों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीता जैन अध्यक्ष अधिवक्ता संघ दुर्ग द्वारा की गई। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा महिला उपाध्यक्ष उमाभारती साहू द्वारा, मंच संचालन अधिवक्ता रश्मि खंडेलवाल द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन महिला कार्यकारिणी अधिवक्ता संयंति चंद्राकर ने किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला अधिवक्ता एवं इंटर्न शामिल हुई।

- विधिक करियर के अनुभव किये साझा
- जिला न्यायालय में मनाया गया महिला दिवस

## सीआईएसएफ के 56वां स्थापना दिवस समारोह

# सीआईएसएफ की महिला कमांडों सहित 6 टुकड़ियों ने किया शानदार मार्चपास्ट, टेक्टिकल मूवमेंट से बंधकों को सुरक्षित छुड़ाया, दिया डेमो

**भिलाई। सीआईएसएफ के कमाण्डोज ने अपने अधिकारी पर हुए हमले को देख सजगता औप कर्तव्यनिष्ठा के साथ टेक्टिकल मूवमेंट करते हुए अधिकारी को बन्धकों से सुरक्षित छुड़ा लिया और हमलावरों के मंसूबे को वही ध्वस्त कर दिखाया। जिसे देख उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कमाण्डोज का उत्साहवर्धन किया। यह नजारा सीआईएसएफ के कमाण्डोज ने रूम इन्टर्वेन्शन का डेमो कर प्रस्तुत किया। अवसर था सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम का।**





### सीआईएसएफ नई-नई जिम्मेदारियों का बखूबी कर रहा निर्वहन

**भिलाई।** सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) बीएसपी भिलाई द्वारा सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर सीआईएसएफ परेड ग्राउण्ड भिलाई सेक्टर 3 में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रभारी निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता और बीएसपी के सभी वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। केऔसुब इकाई बीएसपी की उप महानिरीक्षक प्रतिभा अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली, जिसके बाद महिला कमाण्डों सहित सीआईएसएफ की 6 टुकड़ियों ने शानदार मार्चपास्ट किया।

### सीआईएसएफ के कुशल हाथों में सुरक्षा

अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी सीआईएसएफ के साथियों तथा उनके परिवारों को इस संगठन के 56वें स्थापना दिवस की बधाईयां देते हुए कहा कि 10 मार्च 1969 में सीआईएसएफ का गठन हुआ, जिसका उद्देश्य भारत के औद्योगिक प्रतिष्ठानों, जो भारत के आर्थिक विकास के प्रहरी रहे हैं और भारत के तमाम क्रिटीकल इन्फ्रास्ट्रचर जैसे एयरपोर्ट, सी-पोर्ट, परमाणु संयंत्र, अंतरिक्ष संस्थान एवं संसद भवन, भारत सरकार के महत्वपूर्ण भवन नार्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक जो कि भारत की संप्रभुता के सूचक है, साथ ही महारत्न एवं नवरत्न कंपनियों को सुरक्षित रखते है। इनकी सुरक्षा सीआईएसएफ के कुशल हाथों में है।





श्री दासगुप्ता ने यह भी बताया कि जब भी भारत की संप्रभुता पर किसी तरह का हमला हुआ है तो सीआईएसएफ को नई-नई जिम्मेदारी सौंपी जाती रही हैं। यह सीआईएसएफ के मेहनत, अनुभव एवं कार्यकुशलता को साबित करता है। सीआईएसएफ ने भारत की एकता और अखण्डता को बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भिलाई इस्पात संयंत्र की सुरक्षा में तैनात सभी सीआईएसएफ के बल सदस्यों एवं अधिकारियों का श्री दासगुप्ता ने धन्यवाद देते हुए कहा कि सीआईएसएफ के दिन और रात अथक प्रयासों के कारण भिलाई इस्पात संयंत्र भी उत्पादकता के नये-नये शिखर को छू रहा है। साथ ही उन्होंने दुर्गापुर और इस्पात संयंत्र में तैनात सीआईएसएफ के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि सीआईएसएफ देश के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सीआईएसएफ अपनी सच्ची सेवा एवं सत्यनिष्ठा से औद्योगिक संस्थानों की उम्मीद बनाये रखेगी। उप महानिरीक्षक प्रतिभा अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि को एक स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। परेड कमाण्डर प्रिंस कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट तथा बेस्ट मार्चिंग कंटिजेन्ट के रुप में प्लाटून 1 के प्लाटून कमाण्डर उप निरीक्षक कार्य अमित कुमार सिंह को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अगले सत्र में सीआईएसएफ के कमाण्डोज द्वारा रूम इन्टर्वेन्शन का डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसमें टेक्टिकल मूवमेंट करते हुए बन्धकों को सुरक्षित छुड़ा लिया गया। जिसे देख उपस्थित सीनियर अधिकारियों व सभी दर्शकों ने सीआईएसएफ के कार्यो की सरहाना तलियों बजाकर की।

# ब्राह्मण मित्र सखियों ने खेली फूलों की होली, दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

**भिलाई।** ब्राह्मण मित्र सखी मंडल के तत्वावधान में महिला दिवस और होली मिलन समारोह का शानदार आयोजन किया गया। ब्राह्मण मित्र सखी भिलाई मंडल द्वारा सेक्टर 8 सुनिधि उद्यान में महिला दिवस और होली मिलन समारोह में काफी बड़ी संख्या में ब्राह्मण मित्र महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं।इस अवसर पर फूलों की होली मनाई गई जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ पुलिस की महिला पेट्रोलिंग कर्मियों के दल ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की और महिलाओं को आत्मरक्षा के टिप्स दिए। उन्होंने महिला सुरक्षा पर कई महत्वपूर्ण संदेश दिया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक था। मंडल की सदस्याओं ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच प्रदान करना था, जहां वे अपने विचारों और अनुभवों को साझा कर सकें। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। इस आयोजन ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया।





### बोलबम सेवा व कल्याण समिति ने पुलिस अधिकारियों को भेंट की गणेश प्रतिमा



**भिलाई।** बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के संरक्षक दया सिंह द्वारा सभी पुलिस कर्मियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हजारों वॉलिंटियर और सैकड़ों पुलिस जवानों की मुस्तैदी से मोर्चा संभालने की वजह से हुआ है। पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने देर रात तक सुरक्षा का जिम्मा संभाले रखा। इस कार्य के लिए दया सिंह ने सभा का आभार व्यक्त किया। दया सिंह ने दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग, दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला, एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी भिलाईनगर सत्यप्रकाश तिवारी, सीएसपी हरीश पाटिल, डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी, खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भारद्वाज, टीआई राजेश मिश्रा, टीआई राजेश साहू, टीआई महेश ध्रुव, चेतन चंद्राकर छावनी, अमित अंदानी वैशालीनगर को गणेश की प्रतिमा भेंट करते हुए महाकाल का गमछा भी पहनाकर आभार जताया।

## डीपीएस दुर्ग में फन फेयर रंग तरंग 2025 का आयोजन

# फन फेयर रंग तरंग में बिखेरा फैशन का जलवा, क्ले आर्ट पेंटिंग और सलाद डेकोरेशन में बच्चों ने दिखाया हुनर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** डीपीएस दुर्ग द्वारा फन फेयर रंग तरंग 2025 का आयोजन चौहान टाउन में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अतिथि चौहान टाउन अध्यक्ष सागरिका पाढ़ी उपस्थित रहीं। इसके अलावा चौहान टाउन समिति के अन्य सदस्य, प्रधानाचार्य यशपाल शर्मा, अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत प्राथमिक विंग के छात्रों द्वारा एक नृत्य प्रस्तुति कर की गई। इसके बाद ओपन माइक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।




### पारंपरिक व्यंजनों से लेकर स्वादिष्ट स्नैक्स

कार्यक्रम के दौरान क्ले मॉडलिंग (मिट्टी से मूर्ति बनाना), चित्रकला, पेंटिंग, एक्सटेम्पोर (तात्कालिक भाषण) और सलाद बनाने जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं थी। जिसमें फैशन शो 'परंपरा पैनाशे' सबसे आकर्षण का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम में अभिभावक और बच्चे पारंपरिक परिधानों में जुड़वाँ (ट्विनिंग) लुक में शामिल हुए, जिससे कार्यक्रम में एक अलग ही उत्साह का वातावरण दिखाई दिया। इसके साथा ही विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने समान रूप से आनंद लिया। इस फन फेयर में स्वादिष्ट भोजन के भी विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए थे, जिनमें पारंपरिक व्यंजनों से लेकर स्वादिष्ट स्नैक्स तक की विभिन्न वैरायटी उपलब्ध थीं।

### विजेता हुए पुरस्कृत



इस दौरान उपस्थित अभिभावकों और बच्चों ने सभी स्टॉल्स में व्यंजनों का स्वाद चखा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस पूरे आयोजन में समन्वय शैक्षणिक समन्वयक यू. सपना चौधरी ने सभी एक्टीविटी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चे और दर्शकों ने सभी एक्टीविटी का भरपूर आनंद लिया।



## सिटी इवेंट

# एक महिला को शिक्षित कर परिवार को बनाएं संस्कारी




**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आंचलिक समाजसेवी कार्यकर्ताओं द्वारा एक विशेष आयोजन भिलाई निवास आईसीएच हाल में किया गया। आयोजन में विशेष अतिथियों के रूप में प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक सेक्टर 2 अध्यक्ष अश्विनी नागले, पुलिस काउन्सलर व उच्च न्यायालय अधिवक्ता शाहाना कुरैशी, जीविका स्व सहायता बोरासी अध्यक्ष ललेशवरी साहू, मदर टेरेसा आश्रम शांति नगर कोहका की इंचार्ज जेयसन सिस्टर मौजूद रहीं। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का शॉल, गुलदस्ता व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों ने महिला दिवस पर अपने - अपने विचार रखे।अश्विनी नागले ने कहा कि आज लगभग हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, सिर्फ शहर ही नहीं बल्कि देश का भी नाम रोशन कर रही हैं। अश्विनी नागले ने कहा कि जब एक पुरुष को शिक्षित किया जाता है तब वह अकेला ही शिक्षित होता है, लेकिन जब एक औरत को शिक्षित किया जाता है तब एक पीढ़ी शिक्षित होती है। शाहना कुरैशी ने कहा कि आज शहर की युवा पीढ़ी को शिक्षा रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है परंतु कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां पर आज भी सुविधाओं का अभाव है। घर के बाहर हो या घर के भीतर महिलाओं पर हो रहे शोषण के खिलाफ उनकी रक्षा के लिए कानून बना हुआ है जिसकी जानकारी महिलाओं को होना चाहिए। जेयसन सिस्टर ने कहा कि मदर टेरेसा कहा करती थी कि हर परिवार में महिला शरीर में हार्ट की तरह होती हैं और परिवार को एक बनाए रखने के साथ-साथ कई क्षेत्र में वह कार्य करती है। माता बनकर वह कई लोगों की सेवा करती हैं। ललेश्वरी साहू ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने उन्हें मजबूती प्रदान करने एवं समाज को आगे बढ़ाने के लिए आज के दिन महिलाओं का सम्मान किया जाता है। कार्यक्रम में समाजसेवी विमान भट्टाचार्य, जाविद हसन, डॉ आर पी बिंदु, एंथोनी फ्रांसिस, दिनेश मिश्रा, के एल विश्वकर्मा, पी राजन नायडू, ओ पी वर्मा, रमेश भारती, दामोदर मुदाफरे, बिर्जेश सामंत, एस एन विश्वास, रामसमुज, चितरंजन, रविंद्र देवनाथ, प्रशांत बंदोपाध्या, हेमलता, मीरा दत्ता, मुदाफरे, रीता दत्ता और बीना भट्टाचार्य सहित अन्य मौजूद रहे।

- **समाजसेवी महिलाओं का किया गया सम्मान, अतिथियों ने रखे अपने विचार**

## लाइव इवेंट

# एक सशक्त बनकर अपनी पहचान बनाने किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** डॉ खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 के समाजशास्त्र विभाग में समाज में एक सशक्त नारी कि पहचान बनाने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने छात्राओं को अपनी आंतरिक क्षमता को पहचानते हुए सभी क्षेत्रो में अग्रसर होकर प्रदेश व देश का नाम रौशन करने अपने विचार व्यक्त किये। महिलाओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने माता सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्रा मोनिका वर्मा और मीरा ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या एवं कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि डॉ. अश्विनी महाजन ने विभिन्न क्षेत्रों की सफलतम महिलाएं मदर टेरेसा, कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, वीरांगना रानी दुर्गावती, मीरा आदि का उदाहरण देते हुए समाज में एक सशक्त नारी कि पहचान बनाने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष मंजू दांडेकर ने छात्राओं से अपनी आंतरिक क्षमता को पहचानते हुए उसी क्षेत्र में अग्रसर होने पर बल दिया। सहायक प्राध्यापिका उमा ऑडिल ने अनेक महिला प्रेरक संस्मरण सुनाते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में समाजशास्त्र विभाग की छात्रा तनु, वर्षा, यामिनी, दीक्षा, प्रीती सहित अन्य छात्राओं ने कन्या भ्रूण हत्या पर एक सन्देशपरक नाट्य मंचन किया। छात्र आकाश ने महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं दीक्षा टन्डन ने महिलाओं के अधिकार विषय पर रोचक प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम के दौरान सेमेस्टर परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर छात्रा मेघा वर्मा, अंकिता, तुलेश्वरी एवं दीक्षा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा नसीम बानो ने किया। इस अवसर पर सोहेल अली, भौमिक, रूबी, शालिनी, तारणी सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

- **शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 में हुआ आयोजन**

## सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का समापन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में सुरक्षा जागरुकता सप्ताह संपन्न हुआ। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा एके चक्रवर्ती, सीजीएम तापस दासगुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल और सीजीम एस के घोषाल आदि की उपस्थिति में सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के तहत सुरक्षा पोस्टर प्रतियोगिता, सुरक्षा क्विज़, अग्नि सुरक्षा और डिफेंसिव ड्राइविंग प्रशिक्षण तथा महिला कर्मचारियों हेतु "विशाखा गाइडलाइंस" जैसे विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। कर्मचारियों में सुरक्षित कार्य प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और गैस सुरक्षा पर आधारित शैक्षणिक सत्र हुए। नेहरु गैलरी में कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा थीम पक पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक एसके घोषाल ने किया।

● रमजान का एक हफ्ता बीता, सार्वजनिक व निजी तौर पर कर रहे इफ्तार

# माहे रमजान में जारी है इबादत का सिलसिला, नमाज में भी बड़ी तादाद में जुट रहे लोग, हो रहा इफ्तार का इंतजाम

भिलाई। रमजान के मुबारक महीने में मुस्लिम समुदाय का इबादत का सिलसिला जारी है। लोग रोजा रख रहे हैं और वक्त की पाबंदी के साथ नमाज भी अदा कर रहे हैं। रोजा रख कर जहां लोग भूख और प्यास की शिद्दत को महसूस कर अपने रब को याद कर रहे हैं वहीं इस महीने रात में एक खास नमाज तरावीह भी जगह-जगह पढ़ाई जा रही है। लोग घरों से लेकर मस्जिदों तक में तरावीह की नमाजें पढ़ रहें हैं। शहर की तमाम मस्जिदों में शाम के वक्त रोजा खोलने इफ्तार के खास इंतजाम किए गए हैं वहीं सार्वजनिक व निजी तौर पर लोग इफ्तार करवा रहे हैं।

### तरावीह में सुनाया जाता है कुरआन शरीफ डॉ. सैयद



माहे रमजान के दौरान पढ़ी जाने वाली खास नमाज तरावीह के संबंध में इस्लामिक मामलों के जानकार और भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त खुर्सीपार निवासी डॉ. सैयद इस्माइल ने बताया तरावीह की नमाज सुन्नत होती है। सुन्नत उसे कहा जाता है, जो पैगंबर हजरत मोहम्मद को पसंद थीं। तरावीह नमाज भी सुन्नत-ए-मौअक्कदा है, यानी ये नमाज फर्ज (अनिवार्य) नहीं है। लेकिन पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लाहुअलैहिसल्लम तरावीह की नमाज पढ़ा करते थे, इसलिए यह नमाज पढ़ी जाती हैं। इस खास नमाज में 26 रमजान के पहले पवित्र कुरआन पूरा सुनाया जाता है। रोजाना कुरान को नमाजे तरावीह में पढ़ने के बाद आवाम को अल्लाह के पैगाम जो हजरत मोहम्मद के जरिए दिए गए उसको अनुवाद करके समझाया जाता है।



### रोजा रखने से सुधरती है शारीरिक और मानसिक सेहतः मुफ्ती शाहिद



मदरसा ताजुल उलूम रुआबांधा भिलाई के प्रिंसिपल मुफ्ती मुहम्मद शाहिद अली मिस्बाही बताते हैं कि रोजा न केवल आध्यात्मिक रूप से फायदेमंद है, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मुफ्ती शाहिद बताते हैं रोजा शरीर को कैलोरी जलाने और वसा कम करने में मदद करता है। यह वजन घटाने और मोटापे को नियंत्रित करने का एक प्रभावी तरीका है। रोजा इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करता है और ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह मधुमेह के खतरे को कम करता है। रोजा कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करके हृदय स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। यह हृदय रोग के खतरे को कम करता है।मुफ्ती शाहिद बताते हैं कि रोजा पाचन तंत्र को आराम देता है और इसे बेहतर ढंग से काम करने में मदद करता है। यह कब्ज और अन्य पाचन समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। शरीर को डिटॉक्सिफाई करता है, जिसमें रोजा शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह शरीर को साफ और स्वस्थ रखने में मदद करता है। रोजा प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है और शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। रोजा मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में सुधार करता है। रोजा तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। रोजा अवसाद के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। रोजा आत्म-अनुशासन और आत्म-नियंत्रण को बढ़ावा देता है। मुफ्ती शाहिद कहते हैं रोजा रखने के और भी बहुत से शारीरिक और मानसिक फायदे हैं मगर जब भी रोजा रखें तो इबादत ही की नीयत से रखें, यह फायदे भी मिल ही जाएंगे मगर असल इबादत ही है।

**मस्जिदों और घरों में हो रही है तरावीह की नमाज़ः** मर्कजी मस्जिद पावर हाउस कैंप 2 में इमाम व हाफिज कासिम बस्तवी कुरान मजीद सुना रहे हैं। यहां ईशा की नमाज रात 8.15 बजे और तरावीह 8.30 बजे रोजाना हो रही है। मस्जिद आयशा हाउसिंग बोर्ड में मौलाना इनामुल हक पढ़ा रहे हैं। यहां ईशा रात 8 बजे और तरावीह 8.15 बजे ,मरकज सुपेला मस्जिद नूर में मुफ्ती सोहेल साहब तरावीह पढ़ा रहे हैं और यहां ईशा 8.15 बजे तरावीह 8.30 बजे हो रही है। फरीद नगर मदनी मस्जिद में ईशा की नमाज 8.15 और तरावीह 8.30 मौलाना दिलशाद और हाफिज शाह आलम पढ़ा रहे हैं। अय्यप्पा नगर मस्जिद अबू बकर में हाफिज इश्तियाक पढ़ा रहे हैं। यहां ईशा 8.00 बजे और तरावीह 8.15 हो रही है। जामा मस्जिद जामुल में हाफिज़ अहमद पढ़ा रहे हैं। यहां ईशा 8.00 बजे और तरावीह 8.15 बजे हो रही है। एकता नगर भिलाई-3 में ईशा 8.30 बजे और तरावीह 8.45 हाफिज़ मुकर्रम और हाफिज़ मोइनुद्दीन पढ़ा रहे हैं। पेट्रोल पंप भिलाई-3 में ईशा 8.15 बजे और तरावीह 8.30 बजे हो रही है। हाफिज शाहनवाज और हाफिज़ अताउल्लाह नमाज़ अदा करा रहे हैं। मस्जिद अक्सा चरोदा में ईशा 8.45 बजे ओर नमाज़ तरावीह 9 बजे हो रही है। नमाज़ हाफिज़ सुफियान साहब पढा रहे हैं। सेक्टर-1 में मौलाना जुनैद तरावीह पढ़ा रहे हैं। यहां नमाज 8.15 बजे हो रही है। इसी तरह हाफिज़ रेहान सुपेला में नमाज पढ़ा रहे हैं।

## आयोजन...

# 0 से 16 वर्ष के 58 बालक और 79 बालिकाओं को पिलाया स्वर्णप्राशन



**भिलाई।** संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ और जिला आयुष अधिकारी दुर्ग के तत्वावधान में सोमवार को शास. जिला आयुर्वेद चिकित्सालय दुर्ग में निःशुल्क स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 137 बच्चों को जिसमें 58 बालक और 79 बालिकाओं का स्वर्णप्राशन पिलाया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ दिनेश चंद्रवंशी ने बताया कि स्वस्थ एवं विकसित देश के निर्माण में कल के भविष्य निर्माता बच्चों की बीमारियों का ईलाज करने के साथ साथ उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना भी हम सब की जिम्मेदारी है। बीमारियों से बचने का उपाय आयुष पद्धति में ही है और यह भी बताया गया कि अब से हर माह के पुष्य नक्षत्र में स्वर्णप्राशन पिलाया जायेगा। चिकित्सालय प्रभारी डॉ लक्ष्मी मार्कंडेय ने कहा कि स्वर्णप्राशन स्वर्ण भस्म, शहद, हर्बल औषधि युक्त घृत निर्मित ड्राप है। जिसे 0 से 16 वर्ष के बच्चों को दिया जाता है। चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ जया साहू द्वारा स्वर्णप्राशन का पुष्यनक्षत्र में महत्व एवं स्वर्णप्राशन के लाभ जैसे बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही एकाग्रता, स्मरण शक्ति



बौद्धिक विकास में अत्यंत लाभकारी है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ एकता चंद्राकर, आयुष चिकित्सक डॉ सरला बांधे, योग चिकित्सक डॉ कल्पना ठाकुर, महिला बाल विकास अधिकारी अनिता सिंह, सुपर वाईजर श्वेता सिंह एवं आंगन बाड़ी कार्यकर्ता डी पुष्पा एवं चिकित्सालय के सभी स्टाफ, कर्मचारी उपस्थित थे।

## देश से 20 महिलाएं हुई थीं शामिल

# राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान से बी पोलम्मा हुई सम्मानित




**भिलाई।** समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और महिला सशक्तीकरण के लिए शहर की समाजसेविका बी पोलम्मा को राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान से नवाजा गया है। भारत के प्रखर साहित्यक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन 'संपर्क क्रांति परिवार' के बैनर तले ग्रेटर नोएडा स्थित मंगलमय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित एक सम्मान समारोह में पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

इस समारोह में देश भर की करीब 20 महिलाएं सम्मानित की गईं। इनमें नेपाल, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, असम, झारखंड, उत्तरप्रदेश, केरल, दिल्ली तथा अरुणाचल प्रदेश की महिलाएं शामिल थीं। बी पोलम्मा अब तक राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 91 बार सम्मानित हो चुकी हैं, जिनमें इस वर्ष के स्त्री गौरव सम्मान, द राइजिंग आईकॉनिक स्टार एवार्ड तथा सिटी एक्सिलेंस एवार्ड भी शामिल हैं। इस मौके पर महिला सशक्तीकरण को प्रेरित करने वाली इन महिलाओं के सर ताज से अलंकृत कर उन्हें स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र, ब्रेसलेट और पुस्तक भेंट की गई। समारोह में प्रमुख वक्ताओं ने महिलाओं के संघर्ष और आर्थिक सशक्तीकरण पर प्रकाश डाला। सम्मान समारोह में पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी, भारतीय विदेश सेवा की पूर्व उच्चायुक्त पद्मजा पांडेय तथा अध्यक्ष शिव विनायक शर्मा समेत कई हस्तियां खास तौर पर मौजूद थीं।

**समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने हुआ सम्मान**

## महिलाओं का किया सम्मान व प्रशस्ति पत्र वितरित कर बढ़ाया हौसला

# स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने टीम भावना से महिलाओं ने खेला क्रिकेट, चार टीमों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, विजेता टीम हुई पुरस्कृत

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए और टीम भावना का विकास करने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन भी किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज चिखली धमधा रोड दुर्ग द्वारा क्रिकेट का आयोजन किया गया। जिसमें चार टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता, उप विजेता टीम के अलावा सभी प्रतिभागी महिला खिलाड़ियों को मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत वितरित किया गया।




### यह रहे विजेता

एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज के चेयरमेन संजय तिवारी ने बताया कि महिला क्रिकेट मैच में चार टीमों ने हिस्सा लिया था। हॉस्पिटल स्टॉफ व पैरामेडीकल टेक्नीशियन कोर्स एवं कौशल विकास योजना के अन्तर्गत नर्सिंग क्षेत्र में पढ़ाई कर रही छात्राओं के बीच टीम बांटा गया था। विजेता टीम में यमुना पटेल, हरी साहू, सीमा बरहरे, हीना, अनूपा, विभा, कुमारी और उप विजेता टीम में गौरी नाग, भूमिका, चंद्र किरण, सिमरन, नेहा, रेशमा, यशस्वी, श्रद्धा, टिकेश्वरी तथा अन्य शामिल रही। दो अन्य टीमों से पेमिन ध्रुव व विजय लक्ष्मी की टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। क्रिकेट कोच शिव व संतोष उपस्थित रहे।क्रिकेट मैच के बाद महिला खिलाड़ियों का सम्मान मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

### अतिथियों ने किया प्रोत्साहित

पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि रिसाली निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि डायरेक्टर की माता कनक लता तिवारी, सावित्री मिश्रा, ललिता तिवारी, शारदा दुबे तथा डॉ. नीलम चंद्राकर उपस्थित रहीं। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं में बहुत प्रतिभा होती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से उनको अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज के चेयरमेन संजय तिवारी, डायरेक्टर अजय तिवारी, जगजीत नारायण पाण्डेय, प्रिंसिपल विजय गवान्डे, वाइस प्रिसिंपल अरविंद खरवार, सीमा शर्मा, अभिषेक रिझारिया, गंगेश मिश्रा, जाकिर हुसैन, रामचंद्र देशमुख, प्रशांत देवांगन, मुकेश साहू, रुपेश टेकाम, गंगेश मिश्रा, राजेश त्रिपाठी, आशीष गोस्वामी, निशा साहू, धमेंद्र देवांगन, रुपा चेलक, ममता डहरिया, सुनीता सिन्हा, सीमा कुर्रे, सुनीता भारती, डिलेश्वरी भारती तथा अफसार निशा, कुसुम, निर्मला सहित देवेंद्र मिश्रा, गुलाब पटेल, सुनील तिवारी, संतोष दुबे, विष्णु पाठक, राम उपकार तिवारी आदि मौजूद थे।



## ये भी जानें

### नजर दोष से मुक्ति दिलाएगा होलिका दहन, सरसों का तेल और काली राख से करें ये काम



कुछ दिन बाद देशभर में होली का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। होली रंगों का त्योहार होता है इस दिन सभी लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं। होली के एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है, हिन्दू धर्म में होलिका दहन का विशेष महत्व है। इसे लेकर कई मान्यताएं भी प्रचलित है। ऐसा माना जाता है कि होलिका दहन बुराई के अंत का प्रतीक है। इस दिन सभी अपने अंदर की नकारात्मक ऊर्जा को जला देते हैं, और हमेशा सकारात्मक सोचने का विचार करते हैं।

#### मान्यता : होली की राख में बहुत होती है शक्ति

ऐसा माना जाता है, होली की राख में बहुत शक्ति होती है। जिससे जीवन की कई परेशानियों का अंत हो जाता है, ऐसे में कई लोग होलिका दहन में कुछ न कुछ उपाय खोजते रहते हैं, जिसकी मदद से नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकते हैं साथ ही साथ नज़र दोष का भी छुटकारा पा सकते हैं, तो चलिए जानते हैं।

**राख में सरसों मिलाएं :** होलिका दहन करने के बाद, जब राख ठंडी हो जाए, तब थोड़ी सी राख को अपने घर ले आएँ। फिर उस राख में सरसों मिलाकर घर के चारों ओर छिड़क देना चाहिए। ऐसा करने से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा ख़त्म हो जाती है, और सकारात्मक उर्जा का संचार होने लगता है।

**लेप :** इसके अलावा होलिका दहन के बाद जब राख ठंडी हो जाएं, तब उस राख से तिलक करें। ऐसा करने से आप नज़र दोष से बचे रहेंगे। इसके अलावा ऐसा भी माना जाता है कि होलिका कि राख को ठंडा होने के बाद पूरे शरीर में लेप की तरह लगाना चाहिए। ऐसा करने से त्वचा संबंधित परेशानियां दूर हो जाती है।

**सफ़ेद चीज़ों का न करें सेवन :** होलिका दहन के दिन भूलकर भी सफ़ेद चीज़ों का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि होलिका दहन के दिन नकारात्मक ऊर्जा सक्रिय हो जाती है, सफ़ेद चीज़ों का सेवन करने से यह और भी ज़्यादा सकती हो सकती है और घर में प्रवेश कर सकती है। इसलिए इस दिन हो सके तो सफ़ेद चीज़ों से बचना चाहिए।

**कौड़ियों का उपाय :** अगर आपको ऐसा लगता है कि बार बार आपको नज़र लग जाती है, तो ऐसे में आप कौड़ियों का उपाय भी कर सकते हैं। होलिका दहन के दिन, सात कौड़ियों को अपने सिर से सात बार उतारें और फिर उन कौड़ियों को होलिका की अग्नि में समर्पित कर दें। ऐसा करने से नज़र दोष ख़त्म हो जाता है, और सभी समस्याओं का भी अंत होता है।

### कहीं आपके घर में तो नहीं है नेगेटिव एनर्जी! आज ही पता करें नींबू से और करें निदान



घर की एनर्जी कैसी है इस बात पर आपकी जिंदगी जीने का नजरिया डिपेंड करता है। अगर घर में पॉजिटिव एनर्जी रहती है तो आपका मन खुश रहता है और आप की बरकत होती है। अगर आपके घर में नेगेटिव एनर्जी है तो चाहे आपके पास कितने भी पैसे क्यों ना हो आप खुश नहीं हो सकते हैं। ऐसे में आप अपने घर की एनर्जी नींबू के साधारण से उपाय से चेक कर सकते हैं। टैरो रीडर और न्यूमैरोलॉजिस्ट ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के जरिए इस बात की जानकारी लोगों को दी है।

**नकारात्मक ऊर्जा जानने ऐसे करें नींबू का प्रयोग :** घर में नकारात्मक ऊर्जा की जांच कैसे करें। एक ग्लास ताजा पानी और एक पूरा नींबू ले। इसे पानी के गिलास में डालें। 10 से 20 मिनट तक प्रतीक्षा करें और फिर परिणाम देखें। यदि यह पानी में तैरता है तो घर में सकारात्मक ऊर्जा है और अगर नींबू नीचे डूब जाता है तो घर में नकारात्मक ऊर्जा हो सकती है। वास्तु टिप्स में नींबू की पानी में स्थिति इस बात को दर्शाती है कि आखिर आपके घर में पॉजिटिव एनर्जी है या फिर नेगेटिव और इसके लिए आपको सिर्फ 15-20 मिनट का इंतजार करना होगा।

**इस तरह से घर की नकारात्मकता करें दूर :** वास्तु टिप्स में बताया गया कि भले ही आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा हो लेकिन आप इससे परेशान ना हों। नींबू का उपयोग हम आसपास के नकारात्मकता को दूर करने के लिए भी कर सकते हैं इसलिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। एक दिन के बाद इसे कहीं फेंक दे ऐसा करने के लिए सबसे अच्छा दिन मंगलवार का हो सकता है। नींबू का टोटका से परे इसे किसी भी कोने में रात भर छोड़ सकते हैं।

## सभी लोगों के चेहरे रंगों से पुते रहते हैं और मन में एक अलग ही उत्साह होता है

# होली खेलने से पहले अपनी त्वचा के लिए करें ये उपाय, रंगों से नहीं होगा नुकसान

होली रंगों से सराबोर होती है, जिस दौरान चारों तरफ गुलाल उड़ती नजर आती है। सभी लोगों के चेहरे रंगों से पुते रहते हैं और उनके मन में एक अलग ही उत्साह होता है। हालांकि, त्वचा पर चढ़ने वाला होली का रंग आसानी से उतरने का नाम नहीं लेता है। ऐसे में आपको रंग खेलने से ठीक पहले अपनी त्वचा के लिए ये उपाय करने चाहिए। इनके जरिए त्वचा की देखभाल होगी और नहाते वक्त रंग आसानी से छूट जाएगा।



#### सनस्क्रीन इस्तेमाल करना न भूलें

होली के त्योहार पर दिन के समय ही रंग खेला जाता है, जिस दौरान सभी लोग अपने-अपने घरों से बाहर होते हैं। दिन में धूप तेज होती है और सूरज की हानिकारक किरणें सीधे त्वचा पर पड़ती हैं। ऐसे में आपको रंग खेलने से पहले एसपीएफ 40 या 50 वाली सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। इससे त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बन जाएगी और टैनिंग होने का खतरा भी नहीं रहेगा।

#### ढेर सारा मॉइस्चराइजर लगाएं

होली खेलने के लिए इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर रंगों में रसायन मौजूद होते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसी कारण से आपको रंग खेलने से पहले अपने पूरे शरीर पर ढेर सारा मॉइस्चराइजर लगा लेना चाहिए। इस उत्पाद के जरिए आपकी त्वचा हाइड्रेटेड रहेगी और उसपर एक सुरक्षात्मक परत भी बन जाएगी। इससे रंग आपकी त्वचा में गहराई तक प्रवेश नहीं कर पाएंगे और आसानी से साफ हो जाएंगे।

#### लंबी आस्तीन वाले कपड़े पहनें

होली का रंग केवल चेहरे पर ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर पर चढ़ जाता है। ऐसे में आपको रंग खेलते समय लंबी आस्तीन वाले कपड़े ही पहनने चाहिए। पैरों में पैंट या पयजामा पहनें और आखों में धूप का चश्मा लगा लें। ऐसा करने से आपकी त्वचा रंगों के सीधे संपर्क में कम आएगी और आप धूप से भी सुरक्षित रहेंगे। होली खेलते समय स्लीवलेस कपड़े न पहनें, वार्ना टैनिंग भी हो सकती है।

#### नारियल तेल का उपयोग करें

अगर आप होली खेलते समय पक्के रंगों का इस्तेमाल करते हैं तो त्वचा पर नारियल तेल लगा लें। यह तेल गाढ़ा होता है और त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बना देता है। इसके कारण रंग त्वचा में गहराई तक प्रवेश नहीं कर पाते हैं और उन्हें साफ करने में आसानी होती है। त्वचा के साथ-साथ बालों में भी नारियल तेल लगाएं। इससे बालों में लगा रंग जल्दी छूट जाता है और उन्हें अधिक नुकसान नहीं होता है।

#### लिप बाम लगाएं

ज्यादातर लोग होली के दौरान अपने होंठों की देखभाल करना भूल जाते हैं। हालांकि, रसायनिक रंगों के संपर्क में आने से होंठ फट सकते हैं या सूख सकते हैं। रंग खेलने से पहले अपने होंठों पर अच्छी गुणवत्ता वाला लिप बाम लगाना न भूलें। इससे होंठ नमी युक्त रहेंगे और उनके फटने का खतरा कम हो जाएगा। साथ ही, इस उत्पाद की मदद से आपके होंठों पर रंग भी नहीं चढ़ेंगे।

## शनि का मीन राशि में गोचर 29 को, शुरू होगी मेष-वृषभ राशि पर शनि की साढ़ेसाती

शनि को न्यायाधीश ग्रह माना जाता है, जो कर्मों के अनुसार फल देता है। 29 मार्च से शनि मीन राशि में गोचर करेगा, जिससे मेष और वृषभ राशि वालों के लिए साढ़ेसाती की पहली ढैया शुरू होगी। यह समय मीन राशि के लिए अंतिम चरण होगा। इन राशियों पर शनि की ढाई साल की ढैया रहेगी, जिससे करियर, स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन में चुनौतियाँ आ सकती हैं। अगर सही उपाय अपनाए जाएँ तो शनि न केवल परेशानियाँ देता है, बल्कि मेहनत का सही फल भी दिलाता है। साढ़ेसाती के प्रभाव को कम करने और इसे सकारात्मक रूप से संभालने के लिए कुछ सावधानियाँ और उपाय अपनाने चाहिए।



#### सावधानियां

**आर्थिक मामलों में सतर्क रहें** – अनावश्यक खर्च से बचें, उधार लेने-देने में सावधानी बरतें।
**क्रोध और अहंकार पर नियंत्रण रखें** – शनि संयम और धैर्य की परीक्षा लेता है, इसलिए गुस्से में कोई बड़ा निर्णय न लें।
**स्वास्थ्य का ध्यान रखें** – हड्डियों, जोड़ों, त्वचा और पाचन से जुड़ी समस्याएँ हो सकती हैं, नियमित व्यायाम करें।
**रिश्तों में संयम बरतें** – परिवार और कार्यस्थल पर विवाद से बचें, धैर्य से काम लें।
**नौकरी और व्यवसाय में सतर्कता** – नई नौकरी बदलने या बड़े निवेश से पहले अच्छी तरह सोचें।

#### उपाय

शनिवार को शनि देव की पूजा करें, काले तिल, तेल और काले उड़द का दान करें।
हनुमान जी की आराधना करें, हर मंगलवार और शनिवार हनुमान चालीसा का पाठ करें।
गाय को चारा और पक्षियों को दाना डालें, यह शनि के प्रभाव को शांत करता है।
गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें, विशेषकर श्रमिकों और दिव्यांगों को भोजन या वस्त्र दान करें।
शनि मंत्र का जाप करें – "ॐ शं शनैश्चराय नमः" का प्रतिदिन 108 बार जाप करें।
हर शनिवार पीपल के पेड़ में जल चढ़ाएँ।

## दालों से बनाएं ये प्रोटीन युक्त व्यंजन, स्वास्थ्य के साथ ही साथ सेहत के लिए भी हैं फायदेमंद

दालें भारतीय भोजन का अहम हिस्सा हैं और प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत भी। अगर आप अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं तो दालों से बनी कुछ खास रेसिपी को आजमाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ये रेसिपी न केवल स्वादिष्ट होती हैं बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होती हैं। आइए पांच ऐसी दालों के व्यंजनों की रेसिपी जानते हैं, जो आपके खाने में प्रोटीन की मात्रा को बढ़ा सकती हैं।



**मूंग दाल चीला :** मूंग दाल चीला एक स्वादिष्ट और पौष्टिक नाश्ता है, जिसे आप सुबह के समय खा सकते हैं। इसे बनाने के लिए मूंग दाल को भिगोकर पीस लें और उसमें अदरक, हरी मिर्च, नमक और थोड़ा-सा पानी मिलाकर घोल तैयार करें। अब इस घोल को तवे पर डालकर पतला फैला दें और दोनों तरफ से सेंक लें। इसे हरी चटनी या टमाटर की चटनी के साथ परोसें।

**मसूर दाल का सूप :** मसूर दाल सूप एक हल्का और पौष्टिक विकल्प है, जो आपको ठंडे मौसम में गर्माहट देता है। इसे बनाने के लिए मसूर दाल को धोकर उबाल लें और फिर उसमें प्याज, टमाटर, अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। इसके बाद नमक, काली मिर्च पाउडर और नींबू का रस मिलाकर अच्छी तरह पकाएं। यह सूप आपके शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ा सकता है।

**अरहर की खिचड़ी :** अरहर की खिचड़ी एक सरल लेकिन पौष्टिक व्यंजन है, जिसे आप लंच या डिनर में बना सकते हैं। इसके लिए अरहर की दाल और चावल को बराबर मात्रा में लेकर धो लें और कुकर में डालें, फिर इसमें हल्दी पाउडर, नमक, जीरा तड़का लगाकर पकाएं। जब यह अच्छी तरह पक जाए तो घी डालकर परोसें। यह खिचड़ी पेट भरने वाली होती है और इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन होता है।

**चना दाल के कबाब :** चना दाल कबाब एक स्वादिष्ट स्नैक विकल्प हो सकता है, जिसे आप शाम के समय चाय के साथ खा सकते हैं। इसे बनाने के लिए चना दाल को भिगोकर पीस लें, फिर उसमें प्याज, धनिया पत्ती, हरी मिर्च मिलाकर मिश्रण तैयार करें।



## बरकत चाहिए या बर्बादी? होलिका दहन पर ये गलतियां पड़ सकती हैं भारी, रखें ध्यान

होली का पर्व ऐसा त्योहार है जिसके लिए न सिर्फ़ बच्चे बल्कि बड़े भी उत्साहित रहते हैं। यह रंगों का त्योहार होता है इस दिन सभी लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि होली मनाने की शुरुआत की इसके पीछे क्या वजह है, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि भगवान विष्णु ने जब नरसिंह अवतार लेकर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की थी तब से ही होली मनाने की शुरुआत हुई है। होली से एक दिन पहले मनाया जाने वाला होलिका दहन नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने और सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन किए गए शुभ कार्य जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं, जबकि कुछ गलतियां भारी नुकसान और दरिद्रता का कारण बन सकती हैं।

**धुरेड़ी के एक दिन पूर्व होलिका का दहन :** होली के एक दिन पहले होली दहन होता है, इस दिन लोग जलती हुई आग में नई फ़सल के दाने, उपले और अन्य सामग्री डालते हैं। होली दहन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं माना जाता है बल्कि नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने और सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करने का प्रतीक भी माना जाता है। क्या आप जानते हैं कि इस दिन जाने अंजाने में की गई कुछ गलतियों की वजह से भारी नुक़सान झेलना पड़ सकता है। चलिए जानते हैं कि इस दिन किन किन गलतियों से बचना चाहिए।

#### होलिका दहन पर ये 1 गलती पड़ सकती है भारी

**उधार लेन-देन बिल्कुल भी न करें :** ज्योतिष शास्त्र के हिसाब से, ऐसा कहा जाता है कि होलिका दहन के दिन कभी भी किसी से उधार पैसा नहीं लेना चाहिए न ही किसी को उधार पैसा देना चाहिए। इस दिन पैसों और रूपयों का लेन देन करने से घर में आर्थिक तंगी आती है। घर में सुख शांति पर भी नज़र लगती है। इसलिए यह गलती न करें।



#### एक पुत्र की मां रखें ध्यान

इसके अलावा ऐसा भी माना जाता है कि जिनका केवल एक पुत्र है, उनको भी कभी भी होलिका दहन की अग्नि के पास नहीं जाना चाहिए, बाक़ी जिन लोगों के पास एक पुत्र है और एक पुत्री है, उनके लिए ऐसा कोई ख़ास नियम नहीं है वे होलिका दहन कर सकते हैं।

#### सफ़ेद चीज़ों का सेवन न करें

ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार, होलिका दहन के दिन सफ़ेद चीज़ों का सेवन करने की मनाही होती है। इसके पीछे यह कारण है कि होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा को किया जाता है, और यह दिन सफ़ेद चीज़ों की तरफ़ नकारात्मक और शक्तियों को आकर्षित करता है। ऐसे में होलिका दहन के दिन सफ़ेद चीज़ें जैसे मिठाई, खीर, दूध, दही या बताशा नहीं खाना चाहिए।

#### इन लकड़ियों को न जलाएं

वैसे तो होलिका दहन के दिन आमतौर पर सुखी लकड़ियों को जलाया जाता है, लेकिन कुछ लकड़ी ऐसी भी होती हैं जिन्हें जलाना इस दिन शुभ नहीं माना गया है। होलिका दहन के दिन आम, बरगद, पीपल कि लकड़ियों को नहीं जलाना चाहिए। दरअसल, इसके पीछे यह कारण है कि फाल्गुन में इन पेड़ों की नयी कोपलें निकलती है, अगर हम इन लकड़ियों को जलाएंगे तो इसका मतलब है कि हम कोपलों को नष्ट कर रहे हैं।

कार्नर न्यूज

## नवविवाहित जोड़े कुछ खास तरकीब कर ईश्वरीय आशीर्वाद की प्राप्ति कर सकते हैं

# होलिका दहन से पहले नवविवाहित जोड़े कर लें ये छोटा सा काम! खुशहाली से भर जाएगा दांपत्य जीवन

*दांपत्य जीवन में खुशहाली लानी है तो नवविवाहित जोड़ों को छोटा सा काम करना होगा। पावन पर्व होली की आमद होने वाली है। ऐसे में होलिका दहन से पूर्व नवविवाहित जोड़े कुछ खास तरकीब कर ईश्वरीय आशीर्वाद की प्राप्ति कर सकते हैं। होली 2025 पर नवविवाहित जोड़ों द्वारा की गई तरकीब से उनकी तकदीर बदल सकती है और जीवन में खुशियों की बारिश हो सकती है। तो आइए हम आपको होली पर नवविवाहित कपल के लिए कुछ खास व अचूक तरकीब के बारे में बताते हैं, ताकि उनका जीवन सुखमय तरीके से व्यतीत हो सके।*



#### नवविवाहित जोड़े करें ये छोटा सा काम!

नवविवाहित जोड़े होलिका दहन से पूर्व पूरे शरीर में उबटन लगाएं। मान्यता है कि उबटन लगाने के बाद शरीर से निकले मैल को होलिका दहन की आग में फेंक दिया जाता है। ऐसा करने पर दुख, दर्द, रोग, बलाय इत्यादि जैसी नकारात्मक शक्तियां भी होलिका दहन की आग में झुलस कर जल जाती है। फिर इंसान सकारात्मक ऊर्जा के साथ नई शुरुआत कर जीवन में सफलता पाने के लिए प्रयास कर सकता है।

#### होलिका की राख को न छुएं नवविवाहित जोड़े

नवविवाहित जोड़े होलिका दहन की राख से बचने का प्रयास करें। होलिका की राख को नवविवाहित जोड़े के माथे पर लगाना या छूना अशुभ माना जाता है। ऐसी स्थिति में हानि होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में यदि नवविवाहित जोड़े स्वस्थ्य रहकर धन-संपदा कमाना और सुखी जीवन व्यतीत करना चाहते हैं, तो होली पर ऐसा करने से बचें।

#### नीला या काले रंग के बजाय इस कलर का करें प्रयोग

काला या नीला रंग आम तौर पर अशुभ माना जाता है। ऐसे में होली 2025 में नवविवाहित जोड़े काला या नीला रंग का इस्तेमाल करने से बचें। अपनी होली को रंगीन बनाने और जमकर जश्न मनाने के लिए कपल लाल या अन्य कुछ कलरफुल रंगों का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही वाद-विवाद करने से बचें। होली का दिन वर्ष में एक बार आता है। कोशिश रहे कि इस दिन अपने पार्टनर के साथ खुशी-खुशी समय व्यतीत करें। ऐसा करने पर आपसी भाव बढ़ेगा और जीवन में खुशियों की बारिश होगी।

भिलाई बाजार



भिलाई शरह में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
फीस 251/-
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान
माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
पता – जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई
समय – सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
मो.: 8871250663

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## निर्देशक सीन बेकर के संघर्ष व फिल्मी सफर की कहानी



हॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक सीन बेकर की फिल्म 'अनोरा' 97वें ऑस्कर में छा गई। फिल्म 'अनोरा' ने पांच ऑस्कर अवॉर्ड जीते हैं। सीन बेकर की यही फिल्म उम्दा नहीं है, वह कई और बेहतरीन फिल्में भी बना चुके हैं। जानिए, सीन बेकर कैसे बने निर्देशक? उनकी रुचि फिल्मों में कैसे पैदा हुई? निर्देशक के कॅरियर और जिंदगी से जुड़ी खास बातें। सीन बेकर पांच साल के रहे होंगे जब उनकी मां यूनिवर्सल मॉन्स्टर्स की सीरीज दिखाने के लिए मेलबर्न की लाइब्रेरी लेकर गई। सीन बेकर को यह फिल्म और उसके दृश्य इतने भा गए कि वह इसी बारे में सोचने लगे। यही से सीन बेकर के मन में फिल्मों को लेकर रुचि पैदा हुई। लेकिन जब वह 20 साल के हुए तो नशे की लत लग गई। लेकिन सिनेमा के लिए प्यार के कारण वह इस बुरी लत से बाहर आ गए। आगे सीन बेकर ने अपनी पढ़ाई तक छोड़ दी। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में वह फिल्म स्टडी प्रोग्राम ही कर रहे थे लेकिन पढ़ाई छोड़ वह हॉलीवुड चल दिए। बाद में यानी 1998 में आकर अपनी डिग्री पूरी की। साल 2000 में सीन बेकर ने पहली फिल्म 'फोर लेटर वर्ड्स' बनाई। ऐसा नहीं है कि सीन बेकर को हॉलीवुड में आसानी से मौके मिल गए। उन्होंने शुरुआती दौर में काफी संघर्ष किया। वह निर्देशक बनने के दौरान टैक्सी भी चलाते थे।

### टॉलीवुड

## 'जेलर' के सीक्वल की शूटिंग शुरू, फिर शिकार पर निकले मुथुवेल



सुपरस्टार रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जेलर 2' की शूटिंग चेन्नई में 10 मार्च से शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता सन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी घोषणा की। उन्होंने लिखा, 'मुथुवेल पांडियन का शिकार शुरू। जेलर 2 की शूटिंग शुरू।' इस फिल्म में रजनीकांत एक बार फिर अपने दमदार किरदार में नजर आएंगे। 'जेलर 2' साल 2023 में रिलीज हुई तमिल सुपरहिट फिल्म 'जेलर' का दूसरा भाग है। पहली फिल्म की तरह इसे भी नेल्सन दिलीपकुमार ने लिखा है और इसका निर्देशन भी कर रहे हैं। रजनीकांत के साथ यह उनकी दूसरी फिल्म है। 'जेलर' एक एक्शन थ्रिलर थी, जिसने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा था। इस बार भी फैंस को उम्मीद है कि यह फिल्म भी धमाल मचाएगी। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर तैयार कर रहे हैं, जिन्होंने पहली फिल्म के गाने बनाए थे। ये गाने काफी ज्यादा हिट हुए थे। खबरों के मुताबिक 'जेलर 2' में कई बड़े सितारे नजर आएंगे। अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्रीज के सितारों के कैमियो भी होंगे। इससे पहले जनवरी 2025 में रिलीज हुए चार मिनट के प्रोमो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। इसमें रजनीकांत के किरदार टाइगर मुथुवेल पांडियन की वापसी और एक्शन से भरे सीन दिखे थे। पिछले साल नेल्सन दिलीपकुमार ने सोशल मीडिया पर 'जेलर 2' की घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था, सुपरस्टार रजनीकांत, सन पिक्चर्स और अनिरुद्ध के साथ अपनी अगली फिल्म जेलर 2 की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

### भोजपुरी

## काजल राघवानी ने अक्षरा सिंह के होली वाले गाने पर बनाया गजब वीडियो



अक्षरा सिंह का हाल ही होली स्पेशल भोजपुरी गाना 'रंग पिया डाली' रिलीज किया गया था, जो धूम मचा रहा है। भोजपुरी के फैंस इस गाने की खूब तारीफ कर रहे हैं। तीन हफ्ते पहले रिलीज हुई इस गाने को अभी तक लाखों बार देखा जा चुका है, और काफी कमेंट्स भी आ रहे हैं। अब काजल राघवानी भी अक्षरा के गाने 'रंग पिया डाली' पर फिदा हो गई हैं। काजल राघवानी ने 'रंग पिया डाली' पर एक बेहद प्यारा वीडियो बनाया है, और अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस रील को शेयर कर काजल ने अक्षरा सिंह को टैग किया है, और गाने की तारीफ की है। अक्षरा ने जब काजल का रिएक्शन देखा, उनका शुक्रिया अदा किया। वहीं, काजल राघवानी की रील पर फैंस के मजेदार कमेंट्स आ रहे हैं। एक ने लिखा है, 'खेसारी भैया के साथ होली खेलिएगा।' एक और कमेंट है, 'बहुत ही प्यारा वीडियो।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आए हाए, क्या बात है।' एक और कमेंट है, 'होली का मजा लीजिए काजल जी।' 'रंग पिया डाली' पर काजल राघवानी की अदाएं देख फैंस फिदा हो गए हैं। काजल ने इससे पहले कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए थे, जिनमें वह सिंदूर लगाए नजर आईं। इन्हें देख कहा जाने लगा कि एक्ट्रेस ने छुपकर शादी कर ली है। हालांकि, काजल ने अभी तक इस पर कुछ रिएक्ट नहीं किया है। काजल राघवानी के करियर की बात करें, तो उन्होंने साल 2011 में भोजपुरी सिनेमा में डेब्यू किया था। आज उनकी गिनती भोजपुरी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में होती है। उनकी पिछली फिल्म साल 2021 में आई थी, पर तबसे भोजपुरी गानों में तहलका मचा रही हैं।

## आईफा में बॉलीवुड हसीनाओं का खूबसूरत अंदाज

### लाइफ स्टाइल



जयपुर। गुलाबी शहर जयपुर में आईफा अवॉर्ड्स का सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया। यहां बॉलीवुड की चर्चित अदाकाओं ने ग्रीन कार्पेट पर जलवा बिखेरा है। आईफा अवॉर्ड्स में माधुरी दीक्षित अपने पति श्रीराम नेने के साथ पहुंचीं। रेड कलर के गाउन में वे बला की खूबसूरत लगीं। अभिनेत्री नुसरत भरूचा ने भी अपने अनोखे अंदाज से लोगों का दिल जीत लिया। पर्पल और गोल्डन कलर के गाउन में अभिनेत्री आईफा के ग्रीन कार्पेट पर दिलकश पोज देती नजर आईं।

## होली खेलने के बाद रंग हटाने के लिए अपनाएं ये नुस्खे, चुटकियों में साफ होगी त्वचा

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी को इंतजार रहता है। रंगों से सराबोर यह पर्व भाईचारे का प्रतीक होता है। होली मनाते समय लोग एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हैं। ये रंग त्वचा पर चढ़ जाते हैं और आसानी से साफ नहीं होते। ऐसे में आप होली के रंग छुड़ाने के लिए ये घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। इनके जरिए आपकी त्वचा आसानी से साफ हो जाएगी और एक प्राकृतिक चमक भी मिलेगी।

**दही और शहद मिलाकर लगाएं :** होली खेलने के बाद सबसे पहले पानी और साबुन के जरिए त्वचा को साफ कर लें। इसके बाद अपने पूरे शरीर पर दही और शहद का पैक लगाएं, जो पक्के रंगों को भी साफ कर देगा। इस पैक को लगाकर कुछ देर सूख जाने दें, फिर हल्के हाथों से रगड़ते हुए पानी से साफ कर लें। यह पैक आपकी त्वचा को पोषण प्रदान करेगा, एक प्राकृतिक निखार देगा और रंगों के कारण होने वाले सूखेपन से भी छुटकारा दिलाएगा।



**बेसन का उबटन इस्तेमाल करें :** बचपन में जब हम होली खेलकर घर पहुंचते थे तो मम्मी हमारे शरीर पर उबटन रगड़ती थीं। इस प्राकृतिक लेप की मदद से सारा गुलाल और रंग उतर जाता था। आज भी यह नुस्खा उतना ही कारगर है। इसके लिए बेसन, आटे, गुलाब जल और हल्दी का घोल बनाएं और शरीर पर लगा लें। इसे धीरे-धीरे रगड़ते हुए साफ करें, ताकि आपकी त्वचा एक्सफोलिएट भी हो सके। उबटन मृत त्वचा को हटाते हुए रंगों को अच्छी तरह साफ कर देगा।

### नारियल तेल भी आ सकता है काम

वैसे तो होली खेलने से पहले शरीर पर तेल जरूर लगा लेना चाहिए। हालांकि, अगर आप ऐसा करना भूल गए हैं तो रंग साफ करने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल करें। नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर लें और चेहरे व शरीर पर लगा लें। इसे लगाने के बाद हल्के हाथों से मालिश करें, जिससे रंग छूटना शुरू हो जाएगा। इस तेल के जरिए रंगों के कारण होने वाली जलन को शांत करने में भी मदद मिल सकती है।

### नींबू का रस होगा कारगर

नींबू का रस भी रंग साफ करने का एक अच्छा नुस्खा हो सकता है, जिसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं होता। इसके लिए एक कटोरी में नींबू निचोड़ें और उसमें एक चम्मच दही या शहद मिला दें। इस गाढ़े घोल को अपने चेहरे और शरीर पर लगाएं और कुछ देर के लिए सूख जाने दें। इसके बाद पानी के जरिए इसे साफ कर लें। आपको होली खेलने से पहले इन तरीकों से अपनी त्वचा का ख्याल रखना चाहिए।

## चिलचिलाती गर्मी में नहीं होना पड़ेगा परेशान, कॉटन के स्टाइलिश सूट करें ट्राई





फैशन

चिलचिलाती धूप में स्टाइलिश दिखना चाहते हुए भी कई बार हमें अपने कम्फर्ट से समझौता करना पड़ता है। लेकिन अगर आप सही कॉटन सूट चुनेंगे तो आपको अपने स्टाइल से समझौता नहीं करना पड़ेगा। कॉटन सूट गर्मी के मौसम के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प होते हैं क्योंकि यह हल्के, स्किन-फ्रेंडली होते हैं। यदि आप समर में फैशनेबल दिखना चाहती हैं, तो ये तीन ट्रेंडी कॉटन सूट डिज़ाइन्स आपकी वॉर्डरोब का हिस्सा जरूर होने चाहिए।

**अनारकली कॉटन सूट :** अनारकली सूट का लूज़ फिटिंग पैटर्न शरीर को ठंडक देता है। यह हर बॉडी टाइप पर अच्छा लगता है। गर्मी के कारण हल्के रंगों जैसे पीच, बेबी पिंक, स्काई ब्लू और व्हाइट को प्राथमिकता दें। इसे ऑक्सीडाइज़्ड ज्वेलरी और स्टाइलिश दुपट्टे के साथ पेयर करें। इसके अलावा कम्फर्टेबल फुटवियर जैसे फ्लैट सैंडल्स या कोल्हापुरी चप्पल पहनें।

**प्रिंटेड कॉटन सूट :** अगर आप ऑफिस, कॉलेज या कैजुअल आउटिंग के लिए जाती हैं तो प्रिंटेड कॉटन सूट एक परफेक्ट चॉइस है। इसमें बहुत सारे डिजाइन और पैटर्न उपलब्ध हैं, जो आपको अलग-अलग लुक देते हैं। यह सिंपल होते हुए भी काफी ट्रेंडी लगता है। इसे छोटे झुमके, ब्रेसलेट और खुले बालों के साथ कैरी करें।हल्के रंगों के प्रिंटेड सूट चुनें, जैसे येलो, मिंट ग्रीन, और लैवेंडर।



**पटियाला कॉटन सूट :** पटियाला सलवार की ढीली फिटिंग से शरीर को ठंडक मिलती है। यह कैजुअल और ट्रेडिशनल दोनों मौकों के लिए परफेक्ट है। इस सूट को अलग-अलग दुपट्टों और फुटवियर के साथ नया लुक दिया जा सकता है। इसके साथ बड़े झुमके और बैंगल्स पहनकर देसी लुक पा सकते हैं। ब्राइट कलर्स जैसे रेड, ग्रीन, और ऑरेंज चुनें, जो इस स्टाइल में बहुत अच्छे लगते हैं।

## ऑक्सीडाइज्ड गहनों को साफ करने के लिए अपनाएं घरेलू नुस्खे

गहने हर महिला के श्रृंगार का अहम हिस्सा होते हैं, जो हर लुक की शोभा बढ़ाने का काम करते हैं। पिछले कुछ सालों से महिलाओं के बीच ऑक्सीडाइज्ड जेवर प्रचिलित हो रहे हैं, जो सिल्वर रंग के होते हैं। इनमें झुमके, कड़े, हार और नथ आदि शामिल होते हैं, जो पारंपरिक कपड़ों के साथ जंचते हैं। हालांकि, इन गहनों की चमक समय के साथ कम हो जाती है। इन्हें साफ करने के लिए आप ये घरेलू नुस्खे अपना सकती हैं।

**पानी और साबुन का करें इस्तेमाल :** अगर आपके ऑक्सीडाइज्ड गहने थोड़े गंदे हैं तो आप उन्हें पानी और साबुन की मदद से साफ कर सकती हैं। इसके लिए एक कटोरे में गुनगुना पानी लें। इसमें एक चम्मच लिक्विड साबुन डालें और अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद इस घोल में अपने ऑक्सीडाइज्ड जेवर डाल दें और उन्हें कुछ देर के लिए छोड़ दें। इन्हें निकालकर टूथब्रश की मदद से हल्के हाथों से रगड़ें और पानी से धो लें। धोने के बाद सूखे कपड़े से उन्हें पोछ लें।



### बेकिंग सोडा भी आएगा काम

जिन ऑक्सीडाइज्ड जेवरों पर दाग लग गए हैं, उन्हें साफ करने के लिए बेकिंग सोडा इस्तेमाल किया जा सकता है। एक कटोरे में अंदर की ओर अल्युमीनियम फॉयल लगा दें और उसपर ऑक्सीडाइज्ड जेवर रख दें। बेकिंग सोडा और गर्म पानी का घोल बनाकर कटोरे में डालें। इसे अच्छी तरह मिलाएं और तब तक छोड़ दें जब तक घोल में बुलबुले उठने न बंद हो जाएं।

### टूथपेस्ट से वापस आएगी चमक

टूथपेस्ट एक बढ़िया उत्पाद है, जो ऑक्सीडाइज्ड आभूषणों को साफ करने में मदद कर सकता है। इसके जरिए उनकी चमक भी लौट आएगी और वे नए जैसे दिखाई देंगे। अपने ऑक्सीडाइज्ड जेवर पर थोड़ा-सा टूथपेस्ट लगाएं और उसे मुलायम ब्रश की मदद से हल्के हाथों से घिसें।

## हील्स और फ्लैट को कहें बाय-बाय, ट्रेंड में है ब्राइडल स्नीकर्स...ये खूबसूरत डिजाइन हैं ट्रेंड में

अब तक शादी में दुल्हन हील्स या फ्लैट्स पहनती आई हैं, लेकिन अब ट्रेंड बदल रहा है। आज की मॉडर्न ब्राइड्स कंफर्ट के साथ स्टाइल को भी तवज्जो दे रही हैं और इसी सोच के चलते ब्राइडल स्नीकर्स का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है।

अगर आप भी अपनी शादी में कुछ नया और यूनिक ट्राई करना चाहती हैं, तो ब्राइडल स्नीकर्स आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन हैं। ये न केवल कंफर्टेबल होते हैं, बल्कि आपके लहंगे या साड़ी के साथ खूबसूरत भी लगते हैं। अगर आप भी अपनी शादी के दिन स्टाइल और कंफर्ट दोनों एक साथ चाहती हैं। तो हील्स और फ्लैट्स को बाय-बाय कहें और ब्राइडल स्नीकर्स अपनाएं।



**मीनाकारी डिजाइन स्नीकर्स :** मीनाकारी सिर्फ ज्वेलरी और फुटवियर तक ही सीमित नहीं है, अब यह स्नीकर्स में भी ट्रेंड कर रही है। इनमें खूबसूरत कलाकारी, रंग-बिरंगे फ्लोरल पैटर्न और गोल्डन टच दिया जाता है, जो आपकी शादी के आउटफिट के साथ बेहतरीन रहते हैं। खासतौर पर अगर आप राजस्थानी या मुगल थीम वाली शादी कर रही हैं, तो ये स्नीकर्स आपकी स्टाइल को चार-चांद लगा देंगे।

**जरी वर्क डिजाइन स्नीकर्स :** जरी वर्क ब्राइडल स्नीकर्स आपको रॉयल और क्लासिक लुक देने के लिए एकदम परफेक्ट हैं। इनमें गोल्डन, सिल्वर और ब्रॉज कलर के धागों से बारीक कढ़ाई की जाती है, जो इन्हें एक शाही लुक देता है। अगर आप रेड, मरून, गोल्डन, या पेस्टल शेड्स के लहंगे पहनने वाली हैं, तो ये स्नीकर्स आपके आउटफिट के साथ शानदार लगेंगे।

**कुंदन डिजाइन स्नीकर्स :** कुंदन वर्क वाले स्नीकर्स आपके ब्राइडल आउटफिट के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं और आपको ग्रेसफुल लुक देते हैं। इन स्नीकर्स में खूबसूरत स्टोन्स, बीड्स और कुंदन सेटिंग्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो इन्हें एलिगेंट और यूनिक बनाते हैं।

### कार्नर न्यूज

### पार्टी की प्लानिंग अभी से शुरू कर दें, जिससे त्योहार का मजा दोगुना हो जाए

## सबसे शानदार होली पार्टी आयोजित करने के लिए अपनाएं ये टिप्स, त्योहार बन जाएगा खास

रंगों का त्यौहार 14 मार्च को होली मनाई जाएगी, जिसे रंगों का पर्व भी कहते हैं। इस त्योहार का असली मजा तब आता है जब सभी करीबी एकत्र होकर एक-दूसरे को अबीर और रंग लगा रहे हों। इस साल के जश्न को खास बनाने के लिए आप घर पर होली पार्टी आयोजित कर सकते हैं। इस पार्टी की प्लानिंग अभी से शुरू कर दें, जिससे त्योहार का मजा दोगुना हो जाए। सबसे शानदार होली पार्टी आयोजित करने के लिए ये टिप्स अपनाएं।



### होली के थीम वाली सजावट करें

इस पर्व के सार को दर्शाने और उत्सव को यादगार बनाने के लिए आप होली वाली सजावट कर सकते हैं। इसके लिए पुरानी साड़ियों और दुप्पटों को दीवारों पर लटका दें और फूलों वाली तोरन बनाकर दरवाजों पर बांध दें। इसके साथ ही सुंदर प्लेट, प्यालियों या रंग-बिरंगी मटकियों में रंग और गुलाल भरकर रख दें।

### सभी को सफेद कपड़े पहनने को कहें

होली के दिन लोग सफेद रंग के कपड़े पहनना पसंद करते हैं, जो अब एक परंपरा बन चुकी है। आप भी अपनी पार्टी की थीम सफेद रख सकते हैं और सभी मेहमानों को उसी रंग के कपड़े पहनने को कह सकते हैं। सफेद कपड़ों पर सभी रंग उभरकर नजर आते हैं और त्योहार का मजा दोगुना हो जाता है।

### होली वाले गानों की प्लेलिस्ट बनाएं

होली पर रंग खेलते-खेलते लोग खुद-ब-खुद थिरकने लगते हैं, क्यूंकि इस पर्व का उत्साह ही कुछ अलग होता है। इसीलिए मेहमानों के आने से पहले ही होली के लोकप्रिय गानों की एक बढ़िया-सी प्लेलिस्ट तैयार कर लें। आप इसमें रंग बरसे, बलम पिचकारी, लेटस प्ले होली, होरी खेले रघुबीरा और आज न छोड़ेंगे जैसे सदाबहार बॉलीवुड गाने जोड़ सकते हैं। ये गीत जश्न के मजे को बढ़ाएंगे, पार्टी में अच्छी वाइब लाएंगे और सभी को नाचने पर मजबूर कर देंगे।

**रंग और गुलाल तैयार रखें :** होली की पार्टी बिना रंगों के अधूरी रह जाएगी। इसीलिए, आपको रंग और अबीर के कई सारे पैकेट खरीदकर रख लेने चाहिए। इससे मेहमानों को रंग लेकर आने की जेहमत नहीं उठानी पड़ेगी और वे आपकी पार्टी को हमेशा याद भी रखेंगे।

### पारंपरिक पकवान बनाना न भूलें

जिस तरह होली रंगों के बिना अधूरी है, उसी तरह हर पार्टी स्वादिष्ट भोजन के बिना अधूरी है। अपनी होली पार्टी के मेन्यू में इस पर्व पर बनने वाले सभी पारंपरिक व्यंजन शामिल करें, जिन्हें चखकर मेहमान आपकी तारीफ करते नहीं थकेंगे। आप गुजिया, पापड़, चिप्स, मालपुआ, कांजी वड़ा, ठंडाई, नमक पारे और खुरमे जैसे लजीज पकवान बना सकते हैं। इनके अलावा, खाने का भी बंदोबस्त करें, ताकि सभी रंग खेलने के बाद पेट पूजा कर सकें।

